


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 292

ग्वालियर, गुरुवार, 16 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं हरभजन सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब में राजनीतिक उथल पुथल के बीच सोशल मीडिया पर आई एक तस्वीर ने चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। दरअसल पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ तस्वीर शेयर की। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ये तस्वीर संभावनाओं से भरी हुई है।कुछ दिनों पहले हरभजन सिंह ने बीजेपी में शामिल होने की ख़बरों को फेक न्यूज कहकर ट्वीट के साथ खारिज कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में जालंधर के किसी विधानसभा क्षेत्र से हरभजन सिंह को चुनाव मैदान में कांग्रेस उतारना चाहती है,इसके लिए हरभजन सिंह के साथ बातचीत जारी है, हालांकि अभी फाइनल अप्रूवल नहीं हुआ है। हाल ही में हरभजन को टैग करते हुए सूत्रों के माध्यम से लिखा था, पंजाब बीजेपी 2022 के पंजाब चुनाव से पहले हरभजन सिंह और युवराज सिंह पर नजर गड़ाए हुए है।दोनों जल्द ही बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।हालांकि इस रीट्वीट करते हुए हरभजन ने फेक करार दिया था।

### तेजस्वी की नई नवेली दुल्हनिया से मिलने पहुंचे किन्नर

**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष और लालू के छोटे लाल तेजस्वी यादव की शादी के बाद बुधवार को पटना में उनके आवास पर किन्नरों का एक समूह नेग लेने पहुंच गया। खास बात ये है कि लालू परिवार से नेग मिलने के बाद किन्नरों ने बेहद खुश होकर तेजस्वी यादव को जल्द से जल्द मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया। लालू-राबड़ी आवास से बाहर निकलने के बाद किन्नरों के समूह ने कहा, जो हम लोगों को मिलना था भैय्या मिल गया, खुश होकर जा रहे हैं, बस मातारानी करे मेरा भैय्या मुख्यमंत्री बन जाए, हमलोग यही मनाते हैं कि मेरा तेजस्वी भैय्या खुश रहे, उनकी जोड़ी बनी रहे और वो हमेशा खुश रहें। बता दें कि जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार में तेजस्वी यादव बिहार के डिप्टी सीएम रह चुके हैं लेकिन नीतीश कुमार के बीजेपी से हाथ मिला लेने के बाद उनकी कुर्सी चली गई थी। बीते हफ्ते ही तेजस्वी यादव ने दिल्ली में अपनी दोस्त राशेल से शादी की थी जिसके बाद उसका नाम बदलकर राजेश्वरी कर दिया गया था।तेजस्वी शादी के बाद अपनी पत्नी रशेल के साथ पटना पहुंचे थे जहां 10 सर्कुलर रोड आवास पर उनकी मां और पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने बेटे-बहू का स्वागत किया था।

### महाराष्ट्र में ओमिक्रोन पकड़ रहा रफ्तार

**मुंबई।** कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन को लेकर देशभर में एक बार फिर खौफ पैदा हो गया है। रोजाना तौर पर ओमिक्रोन के मामले दर्ज हो रहे हैं। वहीं, महाराष्ट्र में भी ओमिक्रोन के मामलों की कुल संख्या 28 हो गई है। जिसेक बाद अब महाराष्ट्र सरकार में मंत्री असलम शेख ने क्रिसमस और न्यू ईयर को लेकर आदेश जारी कर दिया है। दरअसल, असलम शेख ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि, ओमिक्रोन वेरिएंट जिस तरह से बढ़ रहा है इसे देखते हुए क्रिसमस और न्यू ईयर पर किसी भी बड़े कार्यक्रम को करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि, जो धार्मिक स्थल खुले हैं उनमें दिशानिर्देशों का पालन करने की सख्त हिदायत है। बता दें बीते दन महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के 8 मामले दर्ज हुए हैं। पुणे से 39 वर्ष की एक महिला ओमिक्रोन संक्रमित पाई गई है। वहीं लातूर से 33 साल का एक शख्स ओमिक्रोन से पॉजिटिव पाया गया है। इनका अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इन दोनों मरीजों के 3 करीबी संपर्क को ट्रेस कर लिया गया है। सभी पूरी तरह से वैक्सीनेटिड हैं। महाराष्ट्र में एक दिन में कोरोना के 684 नए मामले मिले हैं, वहीं एक दिन में 24 लोगों ने संक्रमण के चलते जान गंवाई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक दिन 220 नए केस सामने आए हैं और दो लोगों की मौत दर्ज की गई है। राज्य में जान गंवाने वालों का कुल आंकड़ा बढ़कर 1,41,288। राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 10,160 है।

### आंध्र प्रदेश में नाले में गिरी बस 9 लोगों की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** इधर आंध्र प्रदेश में एक भयानक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस नाले में गिर गई। इस हादसे के बाद वहां अफरातफरी मच गई। आंध्र प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (आंध्र प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की बस जिलेरु नाले में गिर गई। पुलिस ने जानकारी दी है कि यह बस जंगारेड्डीगुडम से अश्वोरापेट जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस के ड्राइवर ने अचानक अपना संतुलन खो दिया। जिसके बाद यह हादसा हुआ। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

## शहीद सम्मान यात्रा का भी किया विधिवत समापन

# 63 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य सैन्य धाम, किया गया भूमि पूजन

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री धामी ने गुनियाल गांव में किया भूमि पूजन

**देहरादून।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गुनियाल गांव, देहरादून में लगभग 63 करोड़ रूपए की लागत से बने रहे भव्य सैन्य धाम का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर शहीद सम्मान यात्रा का विधिवत समापन भी किया गया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सैन्यधाम हेतु प्रदेश के प्रत्येक शहीद परिवार के आंगन से लाई गई पवित्र मिट्टी को कलश में डाला गया। साथ ही वीर शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर तथा उन्हें शौर्य सम्मान पत्र प्रदान देकर सम्मानित भी किया गया।

### प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप बनेगा सैन्य धाम

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक परम्परा है कि जो देश के लिए अपनी जिंदगी न्यौछावर करते हैं, उनको देवतुल्य माना जाता है। उत्तराखण्ड, देवभूमि, तपोभूमि, वीरता और पराक्रम की भूमि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप उत्तराखण्ड में पांचवा धाम सैन्यधाम बन रहा है। सैन्यधाम में शहीद सैनिकों



की आंगन की पवित्र मिट्टी लाई गई है।उत्तराखंड सरकार से जो अपेक्षा थी, उसके अनुरूप सैन्य धाम बनाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने इस राज्य को अलग राज्य का दर्जा दिया था।

### देश की आन-बान-शान की रक्षा करते हैं वीर सैनिक

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे शहीद, देश की आन बान शान की रक्षा हेतु कभी पीछे नहीं हटे । उन्होंने कहा ऐसे लोग जिन्होंने राष्ट्रीय की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी, उनके आंगन की मिट्टी यहां आना गर्व के पल हैं। जो इस सैन्य धाम में आएगा, वह शहीदों की शौर्य गाथा उनकी प्रेरणा लेकर जाएगा। उन्होंने उत्तराखण्ड को वीरों की भूमि बताते हुए सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन पर शोक जताया। जनरल बिपिन रावत का इस तरह जाना, भारत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।

### सैनिकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केदारपुरी के भव्य पुनर्निर्माण का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को फिर से उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए केन्द्र सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये गये। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पूर्व सैनिकों की जो वन रैंक वन पेंशन की समस्या थी उसका समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। सैनिकों एवं उनके परिवारों की समस्याओं के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये गये हैं। बैटल कैजुवल्टी को 02 लाख से बढ़ाकर 08 लाख रूपये किया गया है। पूर्व सैनिकों की भी हर समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये गये हैं।

### रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर बन रहा भारत

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना के अनुरुप उत्तराखण्ड में भव्य सैन्य धाम बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बना है। पहले भारत रक्षा उपकरणों का आयात करता था, आज भारत से रक्षा उपकरणों का निर्यात भी किया जाने लगा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश की सेना में हर पांचवा सैनिक उत्तराखण्ड से होता है। 63 करोड़ रुपए की लागत से भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक एक माह तक शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। प्रदेश में 1734 शहीदों के घरों से पवित्र मिट्टी एकत्र की गई। इस पवित्र मिट्टी का उपयोग सैन्य धाम में किया जाएगा। हम किसी शहीद को वापिस नहीं ला सकते, परंतु शहीदों का सम्मान और उनके परिवार की देखभाल करना हमारा परम दायित्व है।

## अजय मिश्रा को करें बर्खास्त, डबल इंजन सरकार ने जनता को किया निराश: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लखीमपुर हिंसा को लेकर अब विपक्ष जमकर बीजेपी को घेर रहा है। समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दे पर बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे चुनाव



नजदीक आते हैं, बीजेपी धार्मिक चश्मा पहनती है और धर्म के आधार पर सब कुछ देखती है। बीजेपी को अपने गृह राज्य मंत्री (अजय मिश्रा) को निलंबित कर देना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि यूपी की जनता को दुख मिला है। किसान दुखी हैं। जनता को डबल इंजन सरकार ने निराश किया है। बीजेपी के पास सुविधा है स्टेटमेंट ट्विस्ट करने की। आखिरी समय में बनारस में हैं वाले बयान पर उन्होंने कहा, आखिरी समय में कोई नहीं बचा सकता। गठबंधन में सब साथ हैं। साथ बैठे हैं। सब बदलाव चाहते हैं। अपने समाज के लिए काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, गठबंधन के साथी को लेकर स्टेटमेंट को ट्विस्ट करने का काम बीजेपी करती है। पिछड़ों ने बीजेपी के लिए दरवाजा खोला था। उन्होंने अब बंद कर लिए हैं। अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा था कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की मजबूरी के कारण तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया, क्योंकि नाराज किसान बीजेपी के खिलाफ खड़े होने की तैयारी कर रहे थे।

## बारूद और अवैध हथियार का हब बन रहा है भागलपुर

**नई दिल्ली।** भागलपुर अपने पुराने इतिहास, शिक्षा, रेशम और जर्दालु आम के लिए विख्यात रहा है। पटना के बाद भागलपुर को ही शिक्षा का हब माना जाता है। लेकिन अब यही भागलपुर बारूद और हथियार के अवैध कारोबार का हब बनता जा रहा है। नाथनगर में पांच दिनों में बम विस्फोट की तीन घटनाएं हो चुकी हैं और इन घटनाओं में बच्चा सहित दो की मौत हो चुकी है। इससे पहले भी बम विस्फोट की कई घटनाएं विभिन्न इलाकों में हुई है। बम ही नहीं अवैध हथियार का निर्माण कार्य भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में किया जा रहा। पिछले डेढ़ साल में जिले में तीन मिनी गन फैक्ट्री पकड़े जा चुके हैं। जिले में मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन और अर्धनिर्मित हथियारों की बरामदगी के बाद पूछताछ में पुलिस को यह पता चला था कि हथियार तस्कर इसे बनाने के लिए रॉ मैटेरियल पश्चिम बंगाल से लेकर आते हैं। बगल का जिला मुंगेर अवैध हथियार के निर्माण कार्य के लिए कुख्यात रहा है। इसलिए हथियार बनाने के कारीगर मुंगेर से ही बुलाये जा रहे हैं। 26 सितंबर को जगदीशपुर बाईपास टीओपी की पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मुंगेर के रहने वाले हथियार तस्कर शिबू कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके पास से 7.65 एमएम के 12 अर्धनिर्मित पिस्टल और एक दर्जन बैरल बरामद किया गया था। बम की बात की जाये तो जिले के कई थाना क्षेत्रों में बम बनाने का अवैध धंधा हो रहा है।


# पंचायत चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, दो अदालतों में सुनवाई की आवश्यकता नहीं


### जबलपुर हाईकोर्ट को गुरुवार को दोबारा सुनवाई के लिए कहा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर जारी अध्यादेश को चुनौती देने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में लौटा दिया है। कोर्ट ने कहा कि जब मामले पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रही है तो दो अदालतों को इस मसले पर सुनवाई करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही हाईकोर्ट को 16 दिसंबर को इस पर सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले 7 दिसंबर, 11 दिसंबर, 13 दिसंबर, 14 दिसंबर को सुनवाई टलती रही थी। सैयद जाफर और जया ठाकुर ने मध्यप्रदेश पंचायत चुनाव में सरकार द्वारा रोटेशन के



आधार पर आरक्षण न करने के खिलाफ रिट पिटीशन दायर की थी। पैरवी अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने की। राज्य निर्वाचन आयोग ने 4 दिसंबर को प्रदेश में पंचायत चुनाव घोषित किए थे। जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण 18 दिसंबर को होना तय था। सैयद जफर ने कहा कि शिवराज सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नगर निगम और नगर पालिका पर रोटेशन के आधार पर आरक्षण देने पर सहमति जताई है। हम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग करते हैं कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए ग्राम पंचायत चुनाव में भी रोटेशन का नियम लागू करें। 2014 के आरक्षण को निरस्त करते हुए 2022 में होने वाले पंचायत चुनाव में रोटेशन का पालन करें।

## न्यूज़ ट्रैक....

### दक्षिण अफ्रीका में कड़े क्वारंटीन में नहीं रहेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम को अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे में कड़े (क्वारंटीन) पृथकवास से नहीं गुजरना पड़ेगा। दक्षिण अफ्रीकी बोर्ड ने भारतीय टीम को राहत देते हुए कहा है कि उसे केवल एक दिन अलग-थलग रहना होगा। इसके बाद होने वाली तीन कोरोना जांच में निगेटिव रिपोर्ट आने पर खिलाड़ी आइसोलेशन से बाहर आ जाएंगे। भारतीय टीम अपनी दक्षिण अफ्रीका दौरे में 26 दिसंबर से सेंचुरियन में पहला टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं बीसीसीआई ने इस दौरे पर रवाना होने से पहले खिलाड़ियों को तीन दिनों के लिए बायो-बबल में रखा है। भारतीय टीम 16 दिसंबर को जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होगी। क्वारंटीन अवधि पूरी होने के बाद भारतीय टीम चार्टर्ड उड़ान के जरिए दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसके) के प्रवक्ता ने कहा, दक्षिण अफ्रीका पहुंचने के बाद टीम इंडिया पहले से तय होटल में एक दिन के लिए अलग-थलग रहेगी। यहीं सभी खिलाड़ियों के 3 कोरोना टेस्ट होंगे और रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद भारतीय टीम सेंचुरियन में अपने होटल के लिए रवाना होगी। यहीं 26 दिसंबर से पहल टेस्ट खेला जाना है। भारतीय टीम 19 दिसंबर से सेंचुरियन में अभ्यास शुरू कर सकती है।

### लोकेश राहुल बन सकते हैं टेस्ट टीम के उपकप्तान

**मुम्बई** । सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट की सीरीज से बाहर हो गए है। रोहित को इस दौरे के लि उपकप्तान भी बनाया गया था। ऐसे में उनके बाहर होने के बाद टीम में किये उपकप्तान बनाया जाये यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। रोहित को अभ्यास सत्र के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उनकी जगह बल्लेबाजी के लिए प्रियांक पंचाल को टीम में शामिल किया गया है पर उपकप्तान के लिए अभी किसी नाम की घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपकप्तानी की जिम्मेदारी लोकेश राहुल को दे सकती है। एकदिवसीय के लिए पहले ही राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और अनुभवी स्पिनर आर अश्विन भी इस पद के दावेदार हैं। पिछले काफी समय तक टीम के उपकप्तान रहे अजिंक्य रहाणे को खराब फार्म के कारण न्यूजीलैंड सीरीज के बाद उपकप्तानी से हटा दिया गया था। बीसीसीआई से जुड़े एक वर्ग का यह भी मानना है कि शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अश्विन को उपकप्तानी दी जानी चाहिये।

### अनूठा होगा पेरिस ओलंपिक 2024 का उद्घाटन समारोह

**पेरिस** । साल 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह अनूठा होगा। इस समारोह में हजारों एथलीट सीन नदी पर नौकाओं पर सवार होंगे। इस दौर एफिल टावर के पीछे डूबता सूरज किसी विशाल स्वर्ण पदक की तरह से दिखेगा। ओलंपिक 2024 के उद्घाटन समारोह के आयोजकों के अनुसार ओलंपिक के इतिहास में यह अनूठा समारोह होगा। इसे नदी के किनारे हजारों लोग निशुल्क देख सकेंगे। वहीं आम तौर पर उद्घाटन समारोह स्टेडियम के भीतर आयोजित किये जाते हैं पर पेरिस आयोजन समिति ने पहले ही कुछ अलग करने के संकेत दे दिये थे। यह समारोह 26 जुलाई 2024 को होगा। इस समारोह की शुरूआत सभी 200 टीमों के खिलाड़ियों की परेड से शुरु होगी।

# खेल से बड़ा कोई खिलाड़ी नहीं : खेल मंत्री ठाकुर



**नई दिल्ली** । केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने टीम इंडिया में जारी विवाद को लेकर कहा है कि कि खेल से बड़ा कोई खिलाड़ी नहीं होता। इसलिए सभी को नियमों का पालन करना चाहिये। माना जा रहा है कि खेलमंत्री की यह टिप्पणी टेस्ट कप्तान विराट कोहली और सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा के बीच मतभेदों को लेकर आई है। खेल को सबसे ऊपर बताकर ठाकुर ने इन दोनो ही कप्तानों को एक प्रकार से चेतावनी दी है। इससे पहले विराट बुलाये जाने के बाद भी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को लिखा है कि वह एकदिवसीय सीरीज से हट रहे हैं। इससे पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल होने के कारण रोहित टेस्ट सीरीज से हट गये थे। ऐसे में सभी को लग रहा है कि ये दोनो ही एकदूसरे की कप्तानी में नहीं खेलना चाहते हैं। वहीं ठाकुर ने कहा कि किस खेल के किन कप्तानों के बीच क्या चल रहा है, इसपर में कुछ नहीं कह सकता। यह संबंधित खेल संघों का दायित्व है। अच्छा यही होगा कि वही इस बारे में जानकारी दें।

वहीं दूसरी ओर बीसीसीआई भी टीम में जारी तनाव से खबरों से परेशान है। उसने कोहली को मनाने के प्रयास किये पर नाकाम रही है। विराट ने टी20 की कप्तानी छोड़ दी थी पर वह टेस्ट ओर एकदिवसीय में कप्तान बने रहना चाहते थे। वहीं जब बीसीसीआई ने उन्हें एकदिवसीय की कप्तानी से हटाया तो वह नाराज हो गये। माना जा रहा है कि इसी कारण वह अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं हुए और एकदिवसीय सीरीज से हटने का आवेदन दे दिया। इसे लेकर भारीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने भी नाराजगी व्यक्त की है। अजहर ने कहा कि ब्रेक लेने पर किसी को भी आपत्ति नहीं है पर जिस प्रकार से यह लिया जा रहा है उसकी टाइमिंग ठीक नहीं है। इससे यह संदेश जाता है कि टीम में मतभेद हैं। इससे टीम को नुकसान ही होगा।

## खेल मंत्रालय ने खिलाड़ियों के प्रस्तावों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली** । खेल मंत्रालय ने आगामी एशियाई खेलों की तैयारी के लिये विदेश में अभ्यास और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के चार नौकायन खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार 49 इआर विशेषज्ञ वरूण ठक्कर और केसी गणपति के लिए (एक करोड़ 34 लाख रूपये), लेसर रेडियल विशेषज्ञ नेत्रा कुमानन के लिए (90.58 लाख रूपये) और लेसर स्टैंडर्ड विशेषज्ञ विष्णु सरवनन के लिए (51.08 लाख रूपये) स्वीकृत किये गये हैं। यह राशि इन खिलाड़ियों की यात्रा, रहने, कोच के प्रवेश शुल्क, कोच नाव चार्टर और कोच के वेतन पर खर्च होगी। इसके अलाव आपात आधार पर कुछ और प्रस्तावों को भी सहमति दी है। इनमें ओलंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का अमेरिका में आफ सीजन अभ्यास का प्रस्ताव, महिला विश्व बैडमिंटन चैम्पियन पी वी सिंधु का स्पेन में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप में उनके फिटनेस ट्रेनर की सेवायें लेने का प्रस्ताव भी शामिल है। एमओसी ने आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में टूर्नामेंटों में भाग ले रहे बैडमिंटन खिलाड़ियों की सहायता को भी मंजूरी दे दी। शिखा गौतम, अश्विनी भट, प्रियांशु, विष्णु वर्धन, कृष्णा प्रसाद, ईशान, साइ प्रतीक, पी गायत्री, त्रिशा, तनीषा, रूतुपर्णा और सामिया फारूकी के अभ्यास दौरे पर करीब 45 लाख रूपये खर्च आएगा। उसे भी मंजूरी दी गयी है।

## बीजिंग शीतकालीन खेलों में शामिल नहीं होंगे ऑस्ट्रियाई राजनयिक

**बर्लिन** । ऑस्ट्रिया ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के खतरे और कड़े प्रतिबंधों को देखते हुए उसके राजनयिक चीन में होने वाले बीजिंग शीतकालीन खेलों में शामिल होंगे। चांसलर कार्ल नेहामेर ने कहा है कि चीन न जाने का निर्णय कोरोना वायरस पाबंदियों के कारण लिया गया है। इसे राजनयिक विरोध बताना ठीक नहीं होगा। वहीं इससे पहले अमेरिका , ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय यूनियन के कई अन्य देशों के विदेश मंत्रियों ने स्पष्ट कर दिया था कि चीन के खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड को देखते हुए वह शीतकालीन खेलों का राजनयिक बहिष्कार करेंगे। वहीं इसपर नेहामेर ने कहा कि वह हम खेलों के राजनीतिकरण के खिलाफ हैं और यूरोपीय यूनियन के संपर्क में हैं। ऑस्ट्रिया से कोई भी शीर्ष राजनेता ओलंपिक खेलों के लिए चीन नहीं जाएगा पर यह कोई राजनयिक विरोध या बहिष्कार नहीं है। चीन में कड़ी कोविड पाबंदियां को देखते हुए ही उन्होंने यह पफैसला किया है। नेहामेर ने कहा कि कोविड महामारी के कारण राजनेता चीन में अपने देश के खिलाड़ियों से निजी तौर पर नहीं मिल सकते। इसलिए राजनेताओं या राजनयिक का चीन जाकर वहां अपने खिलाड़ियों से वीडियो कांफ्रेंस में बात करने का कोई मतलब नहीं है।

## टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं जडेजा



**मुम्बई** । टीम इंडिया के क्रिकेटर रविंद्र जडेजा अभी विश्व के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में शामिल हैं। जडेजा विकेट लेने के साथ ही निचले क्रम पर तेजी से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कई बार अहम परियां खेल कर टीम को कठिन हालातों से बचाया है। इसके साथ ही क्षेत्ररक्षण में भी जडेजा का जवाब नहीं है। वहीं अब अटकलें हैं कि जडेजा अपने सीमित ओवरों का करियर बढ़ाने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। लगतार खेलने के कारण जडेजा की फिटनेस प्रभावित हो रही है। जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाये थे। वह दक्षिण अफ्रीकी सीरीज के लिए भी टेस्ट टीम में शामिल नहीं हैं। अब प्रशंसक उम्मीद कर रहे थे कि जडेजा वापसी करेंगे। लेकिन अब उनके संन्यास की खबरें आ रही हैं। गौरतलब है कि जडेजा ने अब तक 57 टेस्ट में 33.76 की औसत से 2195 रन बनाए हैं। जबकि 2.41 की इकॉनमी से 232 विकेट भी हासिल किए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज

## श्रीलंकाई क्रिकेट को निखारने माहेला को बनाया गया सलाहकार कोच

**कोलंबो** । श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने दिग्गज बल्लेबाज रहे माहेला जयवर्धने को अहम जिम्मेदारी देते हुए पुरुष व महिला, अंडर-19, ए टीम का सलाहकार कोच बनाया है। तकनीकी सलाहकार समिति के परामर्श से श्रीलंकाई क्रिकेट की कार्यकारी समिति द्वारा नियुक्त किए जाने के बाद जयवर्धने एक जनवरी 2022 से ही यह पद संभालेंगे। वह एक साल तक इस पद पर बने रहेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार जयवर्धने राष्ट्रीय टीमों की क्रिकेट से जुड़ी सभी चीजों के प्रभारी होंगे। वह उच्च प्रदर्शन केंद्र में खिलाड़ियों और टीम प्रबंधनों को रणनीतिक कौशल प्रदान करेंगे। वह अगले साल विश्व कप को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका की अंडर-19 क्रिकेट टीम के साथ भी काम करेंगे। जयवर्धने ने यह पद मिलने के बाद कहा कि श्रीलंका में क्रिकेट की कई प्रतिभाएं हैं पर उन्हें पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में उनके पास इन खिलाड़ियों को निखारने का अच्छा अवसर है। उनके पास इससे अंडर-19 और ए टीम सहित विभिन्न टीमों में राष्ट्रीय क्रिकेटरों और कोचों के साथ काम करने का अच्छा अवसर आया है। साथ ही कहा कि मैं श्रीलंकाई क्रिकेट को लेकर काफी भावुक हूं और मानता हूं कि हम एक समन्वित और केंद्रित टीम प्रयास के साथ सभी आयु समूहों में काम करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाकर भविष्य में अच्छी सफलताएं हासिल कर सकते हैं। इसी को देखते हुए ही हम भविष्य की रणनीति बनाएंगे।



## बॉक्सिंग में कपिल शर्मा ने जीता गोल्ड

**इन्दौर** । वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय के बी.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थी कपिल शर्मा ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा नेहरू स्टेडियम इन्दौर में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें कपिल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरान्वित किया। इनका चयन विश्वविद्यालय इंटर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ। इस प्रतियोगिता में 18 से 20 महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी एवं खेल अधिकारी वी.एस. राणा ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## व्यापार न्यूज

### सोना और चांदी की कीमत घटी

**नई दिल्ली** । दिल्ली के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने का भाव बुधवार को कम हो गया। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 0.13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इस कमी के साथ सोने का दाम कम होकर 48,008 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसके साथ ही चांदी की चमक भी फीकी पड़ी है। इसका दाम 0.13 फीसदी गिर गया। इस गिरावट के साथ चांदी की कीमत कम होकर 60,738 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। बता दें कि उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण पूरे देश में सोने की कीमत अलग-अलग होती है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में मिश्रित रुख और इंफोसिस, टीसीएस तथा एचडीएफसी बैंक के शेयरों के गिरावट के बीच बुधवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स में 200 अंक से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सूचकांक 212.65 अंक की गिरावट लेकर 57,904.44 पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 67.55 अंक की कमी के साथ 17,257.35 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में टेक महिंद्रा को सबसे ज्यादा करीब एक प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ। इसके अलावा इंफोसिस, टीसीएस, बजाज फाइनेंस और एचसीएल टेक के शेयरों में भी गिरावट देखी गई। वहीं दूसरी तरफ एनटीपीसी, कोटक बैंक, पावर ग्रिड, एमएंडएम और एक्सिस बैंक के शेयर शुरूआती कारोबार के दौरान लाभ में थे। इससे पिछले सत्र में सेंसेक्स 166.33 अंक की गिरावट के साथ 58,117.09 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 43.35 अंक टूटकर 17,324.90 अंक पर बंद हुआ।

# पेट्रोल और डीजल पर टैक्स से पिछले तीन साल में सरकार को मिले 8 लाख करोड़: वित्त मंत्री



**मुंबई** । केंद्र सरकार ने पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान पेट्रोल और डीजल पर करों से लगभग 8.02 लाख करोड़ रुपए हासिल किए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद को यह जानकारी दी। इसमें से अकेले वित्त वर्ष 2020-21 में सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर करों से 3.71 लाख करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं। वित्त मंत्री पिछले तीन वर्षों के दौरान पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि और इन ईंधनों पर विभिन्न करों के माध्यम से अर्जित राजस्व के विवरण के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दिया। सीतारमण ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क पांच अक्टूबर, 2018 के 19.48 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर चार नवंबर, 2021 को 27.90 रुपए प्रति लीटर हो गया। इसी अवधि के दौरान डीजल पर शुल्क 15.33 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 21.80 रुपए हो गया। इस अवधि के भीतर पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क पांच अक्टूबर, 2018 के 19.48 रुपए प्रति लीटर से गिरकर छह जुलाई, 2019 तक 17.98 रुपए रह गया। वहीं इस दौरान डीजल पर उत्पाद शुल्क 15.33 रुपए से घटकर 13.83 रुपए रह गया। पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क दो फरवरी, 2021 तक बढ़ते हुए क्रमशः 32.98 रुपए और 31.83 रुपए हो गया था और फिर चार नवंबर, 2021 को 27.90 रुपए प्रति लीटर (पेट्रोल) और 21.80 रुपए (डीजल) तक आ गया। सीतारमण ने कहा ?कि पिछले तीन वर्षों के दौरान पेट्रोल और डीजल से एकत्रित उपकर सहित केंद्रीय उत्पाद शुल्क इस प्रकार हैं- वर्ष 2018-19 में 2,10,282 करोड़ रुपए, वर्ष 2019-20 में 2,19,750 करोड़ रुपए और वर्ष 2020-21 में 3,71,908 करोड़ रुपए। इस साल चार नवंबर को दिवाली से ठीक पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपए और 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। इसके बाद कई राज्यों ने इन दो ईंधनों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) घटाया है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज कोई बदलाव नहीं

पेट्रोल और डीजल की कीमत बुधवार 15 दिसंबर को भी नहीं बदली हैं। देश के चारों महानगरों सहित सभी शहरों के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार कीमतें बुधवार को भी स्थिर हैं। आईओसीएल के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रतति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बीते 4 नवंबर 2021 से पेट्रोल और डीजल की कीमत ने कोई बदलाव नहीं किया है। देश के चारों महानगरों में डीजल के दाम वही लागू रहेंगे जोकि बीते दिनों से देखने को मिल रहे हैं। आंकड़ों पर बात करें तो नई दिल्ली में डीजल के दाम 86.67 रुपए, कोलकाता में 89.79 रुपए, मुंबई में 94.14 रुपए और चेन्नई में 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने दिवाली के ठीक पहले पेट्रोल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। इसके बाद से राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर बने हुए हैं।

## वॉट्सऐप ने नया प्राइवेसी किया अपडेट

**नई दिल्ली** । आपको जानकर हैरानी होगी कि कई थर्ड पार्टी ऐप भी आपके वॉट्सऐप एक्टिविटीज पर नजर रखते है, इन्हीं ऐप्स से आपके प्राइवेसी को बचने के लिए वॉट्सऐप ने नया प्राइवेसी अपडेट किया है। वॉट्सऐप टिप्स्टर और वॉट्सऐप के अपडेट पर नजर रखने वाली वेबसाइट वाबेटाइंफो ने वॉट्सऐप कस्टमर्स सपोर्ट के ईमेल रिस्पांस को शेयर किया है। ईमेल रिस्पॉन्स में कंफर्म किया गया है कि अब आपके ऑनलाइन प्रजेंस को ट्रैक कर पाना उनके लिए जो आपके कांटेक्ट लिस्ट में नहीं है या फिर आपने कभी जिससे चैट नहीं किया है, काफी मुश्किल होने वाला है। नए अपडेट बिनेस अकाउंट पर भी समान रूप से लागु होगा। फिलहाल मार्केट में कई ऐसे एप्लिकेशन है जो आपके वॉट्सऐप ऑनलाइन प्रजेंस को ट्रैक करते है। ये ऐप्स आपके लास्ट सीन को तब भी ट्रैक कर सकते है जब आपने सेटिंग में लास्ट सीन सबके लिए हाईड कर रखा हो। ये ऐप न सिर्फ आपके ऑनलाइन प्रजेंस को ट्रैक करते है, बल्कि आपके ऑनलाइन प्रजेंस का लॉग भी रखते हैं, ताकि ये लोग वो किसी को भी देख सकें जिन्हें आपके ऑनलाइन प्रजेंस का सर्विलांस करना हो। लेकिन नया अपडेट उन लोगों के लिए वरदान जैसा है जो अपने ऑनलाइन प्रजेंस को सिक्योर रखना चाहते है। जब तक आप ऐसे ऐप्स को अपने कांटेक्ट लिस्ट में नहीं रखेंगे तब तक ये ऐप्स आपके लास्ट सीन को कभी ट्रैक नहीं कर सकते, हालांकि शेयर किये गए ईमेल से ये पता नहीं चला है कि इसके लिए आपको अपने लास्ट सीन सेटिंग को सभी के लिए हाईड करने के बाद आपका अपना लास्ट सीन या स्टेटस हाईड करता है या नहीं। इसके अलावा अगर आपने किसी कांटेक्ट के साथ चैटिंग करने के बाद भी उनका लास्ट सीन नहीं देख पा रहे है तो ये इसलिए हो रहा है क्योंकि हो सकता है कि यूजर ने माई कांटेक्ट एक्सेप्ट सेटिंग को एक्टिवेट किया हो। ये सेटिंग अभी बीटा मोड में कुछ आईफोन और एंड्रायड यूज़र्स के लिए उपलब्ध है। बता दें? कि दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप अपने यूज़र्स के प्राइवेसी को सिक्योर करने के लिए लगातार अपने प्लेटफार्म को सुरक्षित कर रहा है।

# भारत की चीनी सब्सिडी वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं: डब्ल्यूटीओ

**नई दिल्ली** । विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की विवाद समाधान समिति ने कहा कि भारत के चीनी क्षेत्र को समर्थन के उपाय वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है। हालांकि, भारत ने समिति की बातों को अस्वीकार्य बताया है। ब्राजील, आस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला ने 2019 में भारत को डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान व्यवस्था में घसीटा था। ब्राजील दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है। डब्ल्यूटीओ के अनुसार इस मामले में समिति की रिपोर्ट को जारी किया गया है।तीन देशों की शिकायतों पर अलग से निष्कर्ष और सिफारिशें देते हुए विश्व व्यापार संगठन की समिति ने कहा ?कि हमने पाया है कि भारत कृषि पर समझौते के अनुच्छेद 7.2 (बी) के तहत अपने दायित्वों के अनुरूप काम नहीं कर रहा। इस बारे में भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि चीनी क्षेत्र के लिये जारी भारत के किसी भी मौजूदा नीतिगत उपायों पर विश्व व्यापार संगठन की समिति के निष्कर्षों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारत ने अपने हितों की रक्षा के लिये सभी जरूरी कदम उठाए हैं और किसानों के हितों की रक्षा के लिये डब्ल्यूटीओ में रिपोर्ट के खिलाफ अपील दायर की है। इन देशों ने 'गलत तरीके से दावा' किया था कि भारत गन्ना उत्पादकों को जो घरेलू सहायता दे रहा है, वह विश्व व्यापार संगठन की निर्धारित सीमा से अधिक है और भारत चीनी मिलों को निर्यात सब्सिडी प्रदान करता है, जिस पर निषेध है। डब्ल्यूटीओ नियमों के मुताबिक विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देश को अगर लगता है कि कोई खासा उपाय तय नियमों के खिलाफ है, वह जिनेवा स्थित बहुपक्षीय संस्थान में मामला दायर कर सकता है। विवाद समाधान के पहले चरण में द्विपक्षीय विचार-विमर्श पहली प्रक्रिया है। अगर दोनों पक्ष मामले का समाधान नहीं कर पाते हैं, तो वे विवाद निपटान समिति के पास जा सकते हैं।

## नवंबर में निर्यात 27 फीसदी बढ़कर 30 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली** । इस वर्ष नवंबर में देश का निर्यात 27.16 प्रतिशत बढ़कर 30.04 अरब डॉलर हो गया है। नवंबर 2020 के दौरान निर्यात 23.62 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा ज़ारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2019 की तुलना में पिछले महीने के निर्यात में 16.55 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। नवंबर 2021 में गैर-पेट्रोलियम, गैर रत्न और आभूषण निर्यात 23.68 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर 2020 की तुलना में 22.26 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। नवंबर में भारत का कुल निर्यात 50.36 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 22.80 फीसदी की वृद्धि दिखाता है। आंकड़ों के अनुसार नवंबर में व्यापार घाटा 22.91 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले समान महीने में 10.19 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह अप्रैल-नवंबर में वस्तुओं का निर्यात 51.34 प्रतिशत बढ़कर 263.57 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 174.16 अरब डॉलर रहा था। वित्त वर्ष के पहले आठ माह में आयात 74.84 प्रतिशत के उछाल के साथ 384.34 अरब डॉलर रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 219.82 अरब डॉलर था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-नवंबर में व्यापार घाटा 164.49 प्रतिशत बढ़कर 120.76 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 45.66 अरब डॉलर रहा था।

# सिटी कोतवाली ने आरोपी से सांठगांठ कर फरियादी के विरुद्ध किया लूट का मामला दर्ज



**मुरैना।** पुलिस के भ्रष्टाचार की खबरें अब आम हो चुकी हैं, ऐसा ही एक मामला सिटी कोतवाली में हुआ है ! यहां पर फरियादी के विरुद्ध ही आरोपी से मिलकर पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर दिया है, जबकि इस मामले में फरियादी का कहना है कि उसके द्वारा गत 5 माह पूर्व आरोपी के विरुद्ध एफआइआर कराई थी, जिस पर पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, बल्कि उसके बदले में पुलिस ने फरियादी व उसके परिवारीजनों को ही एक जघन्य अपराध का आरोपी बना दिया है, जिससे उसका कोई संबंध नहीं है। शहर के जाने-माने दुग्ध व्यवसाई शिव सिंह गुर्जर ने मीडिया के समक्ष जानकारी देते हुए बताया कि उनके सगे भाई सेवाराम पुत्र राम रतन सिंह गुर्जर निवासी सहराना ने 8 जुलाई 2021 को मेरे घर पर आकर जबरन भैंस बांधना चाहा, जिसका मैंने विरोध किया तो उसने मेरी मारपीट कर गाली गलौज की व जान से मारने की धमकी दी, जिसकी शिकायत मेरे द्वारा सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई। जिस पर से पुलिस ने अपराध क्रमांक 929/21 धारा 294, 323, 506 के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। पुलिस द्वारा उक्त मामले में गंभीरता न दिखाते हुए लापरवाही बरती गई और आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया, इसके साथ ही पुलिस ने विगत दिनों आरोपी सेवाराम सिंह से साठगांठ कर मुझ फरियादी व मेरे परिवारी जनों के विरुद्ध ही लूट का मामला दर्ज कर दिया है। शिव सिंह गुर्जर का कहना है कि यदि फरियादी ने किसी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई थी तो सिटी कोतवाली को चाहिए था जो वह फरियादी द्वारा पूर्व प्राथमिकी दर्ज किए जाने के आधार पर प्रथम उक्त मामले की जांच करते, तदोपरांत ही मामला दर्ज करते, किंतु उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त मामले में आरोपी द्वारा पुलिस को भारी लेनदेन किया गया है, ऐसी मुझे संभावना है जिस वजह से पुलिस ने बिना जांच के ही मुझ फरियादी के विरुद्ध लूट का झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। श्री गुर्जर का कहना है कि जिले भर की मीडिया के माध्यम से मैं वरिष्ठ अधिकारियों से उक्त मामले की निष्पक्ष जांच करने की गुजारिश करता हूं, यदि उक्त मामले में प्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का अपराध किया गया है तो मुझे दोषी घोषित किया जाए अन्यथा पूर्व आरोपी सेवाराम सिंह व सिटी कोतवाली पुलिस के विरुद्ध झूठा प्रकरण दर्ज करने के मामले में कडी कार्यवाही की जाए।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटी, एक दर्जन से अधिक घायल



**सबलगढ।** भागवत पूजन के भंडारे में खाना खाने जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटने से एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पंलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को पुलिस ने रामपुरकला अस्पताल भेजा, जहां गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सबलगढ़ अस्पताल के लिए रेफरकर दिया। उक्त घटना रामपुरकला थाना क्षेत्र की है जहां भागवत पूजन के भंडारे में श्रद्धालु खाना खाने जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेरखेड़ा गांव से ट्रैक्टर की ट्रॉली में भरकर श्रद्धालु भागवत पूजन के भंडारे में खाना-खाने जा रहे थे, तभी रास्ते में भवरेछा गांव के पास ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट जाने से एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना मिलते ही रामपुरकला पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को रामपुरकला अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सबलगढ़ अस्पताल के लिए रेफर किया गया व घायलों का रामपुरकला अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।



## क्रिएटिव व फैशन पोर्टफोलियो प्रोजेक्ट सूट, हुआ समापन

**मुरैना।** शहर में आदित्य क्रिएशन एचएफ फोटोग्राफी के द्वारा क्रिएटिव व फैशन पोर्टफोलियो सूट का आयोजन किया गया। आयोजक आदित्य सक्सेना, हर्ष गुप्ता, सोनू पटवा, बासु जादौन ने बताया कि शहर में ऐसा सूट पहली बार हुआ है। इस शो का आयोजन जनता को नई फैशन ट्रेंड एवं फैशन डिस्ट्रिक्ट बारे में बताना एवं उनको रूबरू कराना है। इस सूट में बाहर से आए कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें खुशी सिकरवार, अंजलि जैन, चित्रांशी, आकांक्षा भदौरिया, मुस्कान जैन, दिव्यांशी, निहारिका, स्वाति दीक्षित, पलक पांडे और टीम में मोनू पाराशर, डोली कौशल, वर्षा रजक आदि मौजूद रहे, जिसमें कई अन्य शहरों जैसे भिंड, धौलपुर, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, दिल्ली की अनेकों प्रतिभाएं मौजूद रहीं। इस सूट में प्रोफेशनल व जानी मानी मॉडलों ने भी हिस्सा लिया। श्री सक्सेना ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन शहर में आगे भी होते रहेंगे, जिसमें अनेकों प्रतिभाएं अपने सपनों को अपने ही शहर में ही पूरा कर पाएंगे वह इससे एक रोजगार भी शहर के युवाओं और युवतियों के लिए उपलब्ध होगा।

## डेंगू से बचाव के लिए नागरिक अपने आसपास पानी को जमा न होने दें: सीएमएचओ

**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा ने कहा है कि जिले के नागरिक डेंगू से बचाव के लिए सावधानी रखें। जल भराव वाले स्थानों में मच्छर पनपते है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे जल वाहक रोग होने की सम्भावना रहती है। डेंगू और चिकनगुनिया के वाहक मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपते है और दिन के समय काटते है। अपने आस-पास पानी को जमा न होने दें और साफ सफाई रखें, ताकि डेंगू से बचा जा सके। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि यदि किसी को तेज बुखार, आँखों, मांशपेशियो और सर में तेज दर्द है।

# बोलेरो पिकअप वाहन से 25 पेटी अवैध शराब के साथ एक पकड़ा



**मुरैना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बुधवार की सुबह राजस्थान से मुरैना लाई जा रही अवैध शराब को बोलेरो पिकअप वाहन से बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार के निर्देशन में शराब तस्करों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत सिटी कोतवाली थाना प्रभारी शैलेंद्र गोविल को मुखबिर ने सूचना दी कि राजस्थान की ओर से एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 30 जी 0254 मैं अवैध शराब भरकर मुरैना की तरफ आ रही है। पुलिस ने बाईपास रोड पर राठौर कॉलोनी चौराहा पर चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू की और जैसे ही बोलेरो पिकअप वाहन आता दिखाई दिया, उसे रोक लिया। तलाशी लेने पर वाहन के अंदर बनाए गए एक विशेष केबिन से 25 पेटी राजस्थान की अवैध शराब अलग-अलग ब्रांड की जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी निवासी हरिघड़ी थाना चंद्रप्पा जिला हाथरस उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया तथा पूछने पर वह कोई दस्तावेज दिखा नहीं पाया। बरामद शराब की कीमत एक लाख 20 हजार रुपए बताई गई है, वहीं लोडिंग वाहन की कीमत 3 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस द्वारा आरोपी से शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक रामवीर सेंथिया, प्रधान आरक्षक अनिल दोहरे, सत्यवीर, कुलदीप सिंह भदौरिया, शिव प्रताप सिंह, अशोक सिंह, रविंद्र, रामकिशन, अवधेश सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पंचारात निर्वाचन में करें समुचित सुरक्षा व्यावस्था: राज्य निर्वाचन आयुक्त

**मुरैना।** पंचायत निर्वाचन 2021-22 में हर स्तर पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। गत निर्वाचनों में हुए अपराधों की समीक्षा करें और आदर्श आचरण संहिता का पालन कड़ाई से किया जाये। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दिये। पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 3 वर्ष से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों का स्थानांतरण जल्द करें। सीमा क्षेत्रों एवं अंतर्राज्यीय बार्डर चेकपोस्ट पर चेकिंग बढ़ा दें। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाये। अवैध शराब एवं अवैध हथियारों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही की जाये। श्री सिंह ने कहा कि पेंडिंग वारंट एवं चालान की तामीली सुनिश्चित कर लें। श्री सिंह ने कहा कि नाम निर्देशन-पत्रों के जमा करने और संवीक्षा, चुनाव प्रचार, मतदान दिवस और मतगणना के दौरान पर्याप्त फोर्स की व्यवस्था करें, जिससे सभी प्रक्रियाएँ निर्बाध रूप से पूरी हो सकें।

### हर स्तर पर हो कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के हर स्तर पर कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन होना चाहिये। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी मास्क जरूर लगायें और दूसरे लोगों को भी मास्क लगाने के लिये प्रेरित करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री बी.एस. जामोद ने पंचायत निर्वाचन तैयारियों के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया।

## पंचायत निर्वाचन में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नाम-निर्देशन की सुविधा भी मिलेगी

**मुरैना।** निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत निर्वाचन में सरपंच एवं पंच को छोड़कर अन्य पदों के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन नाम-निर्देशन भरने की सुविधा ऑलिन एप्लीकेशन के माध्यम से भरने की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है। इस एप्लीकेशन के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा स्वयं सुविधा केन्द्र पर ऑनलाईन नाम-निर्देशन तैयार किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थी द्वारा ऑलिन को सबमिट करना होगा। सबमिट करने के उपरांत अंतिम प्रिन्ट आउट में आवश्यक पूर्तियां कर दस्तावेज संलग्न किए जायेंगे और निश्चित समयावधि में रिटर्निंग ऑफसीर के समक्ष परिदत्त किए जायेंगे। रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा केवल वही आवेदन विचारण में लिए जायेंगे, जो निश्चित समयावधि में परिदत्त किये गये हों। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि अभ्यर्थियों को ऑलिन की सुविधा प्रदान करने के लिए रिटर्निंग ऑफीसर कार्यालय में सुविधा केन्द्र स्थापित किए जायें।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**मुरैना/सुमावली।** आम आदमी पार्टी द्वारा वार्ड क्रमांक 47 सुमावली विधानसभा में सदस्यता अभियान के साथ ही पार्टी द्वारा गरीब जनता को दिल्ली सरकार की तर्ज पर मोहल्ला क्लीनिक के रूप में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श तथा दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

मुरैना वार्ड क्रमांक 47 में स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे डॉ सुरेंद्र निगम ने बताया कि मधुमेह की जांच बीपी पल्स ऑक्सीमीटर जांच सभी निःशुल्क चिकित्सा अभियान आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है और आगे भी इसी प्रकार आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। वर्तमान में हर दूसरे घर में लोग डेंगू, वायरल फीवर जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं लेकिन मध्यप्रदेश शासन अथवा जिला प्रशासन द्वारा चलित चिकित्सा वाहन की शुरुआत की है और ना ही मोहल्ला क्लिनिक संचालित किए गए है और रही बात स्वास्थ्य केंद्रों या जिला अस्पताल की तो वहां बैठने वाले डॉक्टरों की हालत किसी से छिपी नहीं है। वर्तमान में क्षेत्रीय जनता को मोहल्ला क्लिनिक की बहुत जरूरत है। प्रत्येक घर का बुजुर्ग जिला अस्पताल तक नहीं पहुंच पाता, उसे समुचित स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता, इसलिए मोहल्ला क्लिनिक अथवा चलित चिकित्सा वाहन अति आवश्यक है। इस अवसर पर मौजूद आप पदाधिकारियों ने बताया कि लोग पार्टी की विचारधारा व कार्यप्रणाली को देखकर स्वतः ही सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसमें मौजूद कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दंडोतिया, सुमावली विधानसभा प्रभारी डॉ सुरेंद्र निगम, सुमावली विधानसभा संगठन सचिव डॉ कमलेश सोलंकी, दिमनी विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अतर सिंह दोनेरिया, डॉ विसंभर, सुमावली विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर धारा बंसल, गिर्राज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ माथुर वैश्य महिला मण्डल की भागवत कथा प्रारंभ



**अम्बाह।** माथुर वैश्य महिला मण्डल द्वारा जन कल्याण की कामना को लेकर पूठ रोड पर शान्ति वाटिका में आयोजित भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा के आयोजन बाद शुभारंभ हो गया। प्रथम दिवस कथा व्यास प्राची देवी द्वारा भागवत के महत्व का वर्णन किया गया। कलश यात्रा में महिलाएं कलश लेकर श्री कृष्ण राधा का गुणगान करते हुए चल रही थी व श्रद्धालु हरे रामा-हरे कृष्णा की धुन पर झूमते गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। नगर की शांति वाटिका में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा में कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ पदाधिकारियों ने भगवान श्री कृष्ण राधा की पूजा अर्चना कर किया। कलश यात्रा में सबसे आगे महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी का गुणगान करते हुए चल रही थी। इसके बाद श्रद्धालु भजन कीर्तन कर श्री कृष्ण का जयकारा लगाते हुए जय घोष कर रहे थे व बैंड बाजों की भक्ति धुनों पर महिलाएँ एवं युवा थिरकते हुए चल रहे थे। बैंड बाजो ने जैसे ही हरे रामा-हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे-हरे की धुन छेड़ी तो कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए।

## भगवान राम ने मर्यादा में रहकर अपना जीवन जिया, तभी वह मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए: स्वामी पंचमानंद




**अम्बाह।** धर्म का अर्थ है मर्यादा भगवान श्रीराम चंद्र ने अपने पूरे जीवन काल में अपनी मर्यादाओं का पालन किया था, जिसके चलते वह भगवान श्री राम के साथ-साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहलाए। यह कहना था रतन वाटिका में आयोजित श्री राम कथा आयोजन में कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज का। उन्होंने कहा कि मनुष्य अगर अपनी मर्यादा में रह कर जीवन जीता है, तो उसको किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है। इसका उदाहरण उन्होंने भगवान श्रीराम के तौर पर दिया।

स्वामी पंचमानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए कहा कि इच्छा हर मनुष्य के दुख की जननी है। आवश्यकता से अधिक इच्छा करने पर जब वह पूरी नहीं होती हैं तो मनुष्य कई दिनों तक दुःखी रहता है और उसका असर उसके पूरे परिवार पर पड़ता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर कहा कि पिछले कुछ सालों से टीवी में कौन बनेगा करोड़पति सीरियल आता है। इस कार्यक्रम में लोग सवाल और जवाब पर ध्यान नहीं देते, सिर्फ किन लोगों को कितने रुपये मिले, इस पर सभी लोगों का ध्यान रहता है। इस तरह की इच्छा रखने वाला कभी सुखी नहीं रहता। इसलिए इच्छा अपनी स्थिति को देखते हुए रखना चाहिए।

### क्रोध अग्नि के समान है

प्रवचन देते हुए कथा व्यास ने कहा कि क्रोध अग्नि के समान है, जो स्वयं को जलाती है. क्रोध करने से स्वयं को हानि होती है। अगर रावण के अंदर क्रोध व घमंड नहीं रहता तो उसकी युद्ध में कभी भी पराजय नहीं होती। श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए उन्होंने कहा कि कथा जीवन का सार है और भक्ति भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले के जीवन में कोई भय व कष्ट नहीं रह जाता हैं। उन्होंने कहा कि रामकथा प्राणियों को जीवन जीने का मार्ग बताती है। उन्होंने ज्ञान को जीवन का आधार बताया और कहा कि लोगों को भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलकर अपनी मुक्ति का प्रयास करना चाहिए।

## उन्हें बदचलन कहता है गोदी मीडिया...!

व्यवस्था में सुधार कठिन हैं पर असम्भव नहीं हैं। यदि होते तो केरला दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल में लोग सत्ता के खिलाफ वोट न देते होते क्योंकि ज्यादातर सत्तायें इसी भ्रष्ट व्यवस्था को बनाये रखना चाहती है। जिसमें 5-7 फीसदी लोग सत्ता की मलाईदार कुर्सियों का 70 फीसद हिस्सा हड़पना चाहते आ रहे हैं। कहीं पुजारियों, मठाधीशों को सत्ता की कुर्सी पर बैठा दिया जाता है। गैर अनुभवी इन लोगों के चलते लखनऊ से कुछ चतुर्वेदी, अवस्थी, दुबे जी, सिंह, सेंगर राज करने लगते हैं व दलित व पिछड़े वर्ग की युवतियों व महिलाओं का जीना दूभर कर दिया जाता है और सत्ता और इसके दलाल मस्ती से दूर से इसे मनोरंजन का खेल जैसा देखने लगते हैं। गोदी मीडिया इन महिलाओं को ही गलत बताने लगता है। यू.पी. का हाथरस और विधायक सेंगर काण्ड यही हालात बयान करता है जिसे सत्ता के दलाल सत्ता का शौर्य बताते हैं। मीडिया का एक वर्ग उसे जरूर कुछ उठाता है वरना गोदी मीडिया तो इसे सिर्फ बदचलन महिलाओं का कारनामा कहता आया है। इस ऊंची जाति द्वारा थोपी गई गलत व्यवस्था को बनाये रखना चाहते हैं। कम्युनिष्टों के कमजोर होने से व समाजवादियों की सत्ता के लिये बेचैनी से भी व्यवस्था के परिवर्तन का अभियान काफी कुछ कमजोर हुआ है। एक दौर में डॉ. राममनोहर लोहिया से लेकर जयप्रकाश नारायण व केरल के नमुद्रीपाद ए.के. गोपाल साहब कानपुर से दादा बनर्जी तक व्यवस्था परिवर्तन करना चाहते देखे गये। ममता बनर्जी, ज्योति बसु, भट्टाचार्य तक परिवर्तन करना चाहते थे पर पूँजीवादी व्यवस्था लागू करने वालों व इसे बनाये रखने के समर्थकों भा.ज.पा. व कांग्रेसी आकाओं ने भ्रष्ट व गरीबों की जेब काटने वाली जातिवादी व्यवस्था को जारी करने के अभियान में साथ काम किया, अपना गांधीवाद समाजवाद का तमगा उतार फेंका।। आज तो देशभर में मुम्बई का डांगे साहब का न मजदूरों का आंदोलन बच पाया न उत्तर भारत के कानपुर व कोलकत्ता के मजदूरों व केरला का मजदूरों का आंदोलन बच पाया। केरला में शिक्ष का अलख काफी गहरा है जिससे वाम विचारों पर चलने वाले समझदारों की फौज आज भी बची है। कुछ कांग्रेसियों में गांधीवाद भी वहीं देखा जा रहा है। जिससे वहां उत्तर भारत के बीमारू राज्यों बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश व यू.पी. जैसा जंगलराज केरल में नहीं है, तमिलनाडु में नहीं है। वहां कोई पुरानी परम्परा वाला योगी या पुजारी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठा है। व्यवस्था बदलने की उम्मीद ममता बनर्जी या केजरीवाल से जरूर है आम जनता को देखते हैं आगे क्या होगा।

# जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को किया मजबूर

**जवाहर प्रजापति**

भारतीय सैनिकों की वीरता की गाथाओं से हम परिचित हैं। आज जब भारत की सीमाओं पर शत्रु देश अवसर की ताक में है, तब हमारी सेनाएं अत्यंत चौकन्ना हैं और उसी वजह से हम सुरक्षित हैं और हमारा देश भी सुरक्षित है। आज हम स्मरण कर रहे हैं भारत के सैन्य शक्ति के उस शौर्य की, जिसमें 16 दिसंबर 1971 को भारत ने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को घुटने टेके पर मजबूर कर दिया।

आज हमारा देश ढाका विजय दिवस की 50वीं सालगिरह को एक यादगार के रूप में मना रहा है। यह दिवस आज इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि इस वर्ष भारत देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है। दुनियां में एकमात्र इस सीधी लड़ाई 1971 में बांग्लादेश की आजादी को लेकर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच हुई। इस सीधी लड़ाई में भारतीय सेना के नायक जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने पाकिस्तान सेना के प्रमुख जनरल नियाजी ने अपने 93 हजार सैनिकों के साथ आत्म समर्पण किया था।

1969 में सेना प्रमुख सैम हॉरमुसजी फ्रेमजी जमशेदजी मानेकशॉ ने जेएफआर जैकब को पूर्वी कमान प्रमुख बना दिया था। जैकब ने 1971 की लड़ाई में अहम भूमिका निभाते हुए दुश्मनों को रणनीतिक मात दी थी। जैकब के मुताबिक 1971 में पूर्वी पाकिस्तान वर्तमान में बांग्लादेश में युद्ध के बादल मंडरा रहे थे। बेहतर जिन्दगी की तलाश में बांग्लादेश के शरणार्थी लाखों की संख्या में सीमा पार करके देश के पूर्वी हिस्सों में प्रवेश कर रहे थे। पूर्वी पाकिस्तान में लोग इस्लामी कानूनों के लागू होने और उर्दू को बतौर राष्ट्रीय भाषा बनाए जाने का विरोध कर रहे थे। इसलिए हालात ज्यादा खतरनाक हो गए थे। पाकिस्तानी फौज को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने वाले जनरल रिटायर्ड जैकब फर्ज रफेल जेएफआर जैकब के मुताबिक भारत के तीखे हमलों से परेशान होकर पाकिस्तान सेना ने संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में युद्ध विराम की पेशकश की जिसे भारतीय सेना ने अपनी चतुराई और पराक्रम से पाकिस्तान के पूर्वी कमान के 93000 सैनिकों के सरेंडर में बदल दिया। नियाजी के पास ढाका में ही करीब 30 हजार सैनिक थे जबकि भारतीय सैनिकों की संख्या लगभग तीन हजार रही। जैकब के मुताबिक उसके पास कई हफ्तों तक लड़ाई लड़ने की क्षमता थी। अगर नियाजी ने समर्पण करने की बजाय युद्ध लड़ता तो पोलिश रिजॉल्यूशन जिस पर संयुक्त राष्ट्र में बहस हो रही थी वह लागू हो जाता और बांग्लादेश की आजादी का सपना अधूरा रह जाता। लेकिन वह समर्पण के लिए तैयार हो गया।

पूर्वी पाकिस्तान से बांग्लादेश बनाने में सबसे अहम भूमिका मुक्ति वाहिनी की रही। मुक्ति वाहिनी ने बांग्लादेश की आजादी के आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भारत में पूर्वी पाकिस्तान से लगातार आ रहे शरणार्थियों की समस्या से निपटने के लिए भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मुक्ति वाहिनी को मजबूत करने का निर्णय लिया। इस फैसले के तहत मुक्ति वाहिनी को हथियार दिए गए।

इसके साथ ही युद्ध खत्म हो गया और बांग्लादेश का उदय हुआ। हार से तिलमिलाए नियाजी



ने कहा जैकब ने मुझे ब्लैकमेल किया, हार से तिलमिलाए पाकिस्तान ने कुछ हफ्तों बाद चीफ जस्टिस हमीदुर रहमान को युद्ध जांच आयोग का प्रमुख बनाकर हार की वजह का पता लगाने का काम सौंपा गया। कमीशन ने जनरल नियाजी को तलब कर पूछा कि जब ढाका में उनके पास 26400 जवान थे, तब उन्होंने ऐसे शर्मनाक तरीके से क्यों समर्पण किया जबकि वहां पर सिर्फ कुछ हजार ही भारतीय फौज थी। जनरल नियाजी ने जवाब दिया, मुझे ऐसा करने पर मजबूर होना पड़ा।

जेएफआर जैकब के मुताबिक 1971 की लड़ाई में पश्चिमी मोर्चे पर रक्षात्मक, आक्रामक और पूर्वी मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की बेहद आक्रामक रणनीति बनी थी। बारिश रुकने तक बांग्लादेश पर हमला न करने की बात जनरल जैकब ने कही थी। इस बीच जनरल ने युद्ध की सारी तैयारियां पूरी कर लीं। और जब युद्ध शुरू हुआ तो जनरल जैकब ने खुलना और चटगांव पर हमला बोलने के आदेश को नजर अंदाज करते हुए ढाका पर फोकस करना उचित समझा। जैकब जब ढाका के पास पहुंचे तो उनके पास 3 हजार जवानों की फौज थी जबकि नियाजी के पास करीब 30 हजार फौजी थे। लेकिन नियाजी जानता था कि बंगाली लोग उसके खिलाफ हैं। नियाजी ने संयुक्त राष्ट्र के नियमों के तहत युद्ध विराम समझौता करने की पेशकश कर दी। 16 दिसंबर को जैकब बिल्कुल निहत्थे हाथों में सिर्फ सरेंडर के कागज लेकर नियाजी के मुख्यालय पहुंच गए। समर्पण के कागज जैकब ने खुद ड्राफ्ट किए थे, लेकिन इस पर आलाकमान से मंजूरी नहीं मिली थी। इस बीच राजधानी में मुक्ति वाहिनी और पाकिस्तानी सेना के बीच युद्ध जारी था।

भारत की ओर से पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे जेएफआर जैकब ने नियाजी से कहा मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ कि आप अगर जनता के बीच आत्मसमर्पण करना चाहते हैं तो हम आपकी और आपके फौजियों की सुरक्षा की गारंटी लेते हैं। मैं तुम्हें 30 मिनट देता हूं। अगर तुम कोई फैसला नहीं कर पाए तो मैं हमले का आदेश दे दूंगा। बाद में नियाजी के दफ्तर से जैकब लौट आए। उस समय की घटना के संबंध में जैकब बताते है कि वे नियाजी के पास दोबारा पहुंचे और उन्होंने मेज पर समर्पण के कागजात रखे हुए थे। मैंने पूछा जनरल क्या आप इसे मंजूर करते हैं मैंने नियाजी से तीन बार पूछा। लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। इसके बाद पाकिस्तान सेना ने समर्पण कर दिया। 1971की लड़ाई में पाकिस्तानी सेना भारतीय फौजों के सामने सिर्फ 13 दिन ही टिक सकी। इतिहास की सबसे कम दिनों तक चलने वाली लड़ाइयों में से एक इस लड़ाई के बाद पाकिस्तान के करीब 93 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। आधुनिक सैन्य काल में इस पैमाने पर किसी फौज के आत्मसमर्पण का यह पहला मामला था।

## सम्मान पाने के लिए मर्यादा का पालन जरूरी

संसार में भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम के रूप में पूजे जाते हैं। इसका कारण यह है कि इन्होंने अपने जीवन में हर रिश्ते के साथ न्याय किया। इन्होंने कभी भी बड़ा होने का अभिमान नहीं दिखाया। इन्होंने छोटे भाइयों को सम्मान दिया और सदैव माता-पिता के आज्ञाकारी रहे। पत्नी की सुरक्षा के लिए रावण से लड़े और राजा के रूप में जनता को महत्व दिया। लेकिन जब कोई व्यक्ति अपनी मर्यादा की सीमा रेखा को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करता है तभी विवाद और क्लेश उत्पन्न होता है। वर्तमान समय में कई ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं कि बेटे ने पिता को घर से बाहर निकाल दिया। बेटे ने बाप की संपत्ति हड़प ली। ससुर का अपनी बहू से अनैतिक संबंध है और भाई ने बहन का अपमान किया। जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो मर्यादा का हनन होता है। संसार में रिश्तों की डोर का निर्माण मर्यादा की रक्षा के लिए किया गया था। यही सामाजिक जीवन का आधार भी है। जब कोई मार्यादा का उल्लंघन करता है तब सामाजिक व्यवस्था बिगडने लगती है और मर्यादा का उल्लंघन करने वाला और मर्यादा का हनन होने वाला दोनों ही अपमानित होता है। जब कोई किसी के साथ अमर्यादित व्यवहार करता है तो उसे भी अर्मायादित व्यवहार ही प्राप्त होता है। उदाहरण के तौर पर गंगा नदी जब तक अपनी सीमा में प्रवाहित होती है उसे माता का दर्जा प्राप्त होता है, लोग इसकी आरती उतारते हैं। लेकिन जब अपनी मर्यादा का उल्लंघन करके तटों को तोड़कर आगे बढ़ती है तब गंगा आदरणीय नहीं रह जाती है। नाले के जल में मिलकर गंगाजल गंदाजल कहलाने लगता है।

# रैली से घिरी कांग्रेस

**सिद्घार्थ शंकर**

जनता के मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की कांग्रेस की हर कोशिश उसी के गले पड़ जाती है। भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल बनना तो दूर खुद कांग्रेस अपनी जग हंसाई कर बैठती है। ऐसा एक नहीं कई बार हो चुका है। इस बार कांग्रेस की महारैली कारण बना है। दरअसल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा सहित 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस महंगाई को सबसे बड़ा मुद्दा बनाने जा रही है। इसके लिए रविवार को पार्टी ने जयपुर में महारैली की। रैली में देश भर के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता जमा हुए। लंबे समय के बाद गांधी परिवार यानी सोनिया, राहुल और प्रियंका एक मंच में नजर आए। लेकिन दिलचस्प यह है कि महंगाई के खिलाफ रैली करने के लिए कांग्रेस ने जिस राज्य का चयन किया। उस कांग्रेस शासित राज्य में पेट्रोल, डीजल और बिजली सबसे अधिक महंगी है, जिसका असर खाने पानी के समान से लेकर हर प्रकार के वस्तुओं पर पड़ता है। राजस्थान में पेट्रोल और डीजल पर उत्तर भारत के दूसरे राज्यों के मुकाबले अधिक वैट लिया जा रहा है। यहां तक कि कांग्रेस शासित राज्य पंजाब में भी राजस्थान के मुकाबले कम वैट है। राजस्थान में डीजल और पेट्रोल के भाव आसमान छू रहे हैं। ऐसे में दिल्ली के सियासी गलियारों



में चर्चा है कि कांग्रेस को सबसे पहले अपने घर को ठीक करने की जरूरत है, क्योंकि राजस्थान में केवल अकेले पेट्रोल, डीजल ही महंगा नहीं है। शराब, बिजली, स्टाम्प, अन्य राज्यों की तुलना में बेहद ज्यादा है। कांग्रेस भले ही मोदी के दूसरे कार्यकाल में महंगाई को मुद्दा बनाकर घेरने की तैयारी कर ली हो, लेकिन यह बड़ी बात है कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब राजस्थान के पड़ोसी राज्य हैं। इनमें तीन राज्यों में भाजपा की सरकार चल रही है, जबकि पंजाब में कांग्रेस की सरकार है। राजस्थान के ट्रांसपोर्ट वाले हो या टैक्सी चालक या फिर चारों राज्यों के बॉर्डर के नजदीक लगने वाले किसान हो, ज्यादातर लोग राजस्थान से तेल नहीं लेते। राजस्थान के साथ लगते हुए राज्यों की बात करें तो वहां पेट्रोल और डीजल के भाव में काफी अंतर है। राजस्थान में पेट्रोल 107 से 115 रुपए प्रति लीटर तक बिक रहा है। जबकि गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में 94 से 95 रुपए प्रति लीटर ही पेट्रोल का भाव है। डीजल के रेट की भी करीब ऐसी ही स्थिति है। राजस्थान में और राज्यों की तुलना में बिजली भी महंगी है। राजस्थान में बिजली टैरिफ प्लान की बात करें तो 8.13 रुपए है। जिस पर राज्य सरकार सेस अलग से लेती है। इससे प्रति यूनिट बिजली 10 से 15 रुपए प्रति यूनिट तक पहुंच जाती है। वहीं हरियाणा की बात करे तो 5.65 रुपए है और उतर प्रदेश में 6.76 रुपए के हिसाब से बिजली मिल रही हैं। पंजाब में भी बिजली सस्ती है। इसी तरह स्टाम्प ड्यूटी पर भी सरकार अधिक पैसा जनता से वसूल रही है। गहलोत सरकार ने इन सभी चीजों पर सेस अलग से लगाया हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि महंगाई के खिलाफ महारैली करने वाली कांग्रेस अपने राज्य राजस्थान में ऐसा कौन सा कदम उठा रही है, जिससे महंगाई को नियंत्रित करने में आसानी हो।

# राजनीति ने थामी धर्म की बैसाखी....?

### सूडोकू नवताल- 5923

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवस्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -5922 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

**ओमप्रकाश मेहता**

हमारे भारतीय संविधान में चाहे धर्म और राजनीति को अलग-अलग खांचों में रखा हो, किंतु अब जबकि स्वार्थ, सत्ता और वर्चस्व ही राजनीति के लक्ष्य बना दिये गए हो, तो फिर संविधान की इस वर्जना को मानता ही कौन है? आज की राजनीति का एकमात्र लक्ष्य 'सत्ता' है और 'जनसेवा' का पूरी तरह लोप हो चुका है। इसीलिए 'मंहगाई' विरोधी रैली में चर्चा मंहगाई की नहीं, बल्कि हिन्दू तथा हिन्दुत्व की की जाती है। देश की जनता को यह समझाया जाता है कि आज हिन्दुस्तान में सत्ता हिन्दू की नहीं बल्कि हिन्दुत्व वादियों की है और देश की असली हिन्दू (काँग्रेसी) सत्याग्रही और हिन्दुत्ववादी 'सत्ताग्रही' है, कुल मिलाकर आज की राजनीति कभी 'टोपी' पर केन्द्रीत रहती है तो कभी धर्म पर, जबकि ये राजनेता धर्म का 'क, ख, ग' भी नही जानते। यही नहीं इनकी नजर में देश की नासमझ, अनपढ़ और अज्ञानी जनता को यह ज्ञान देना चाहते है कि गांधी जी हिन्दू थे और उनकी हत्या करने वाला नाथूराम गोड़से हिन्दूत्ववादी और आज देश में गांधीवादियों की नहीं गोड़सेवादियों की सरकार है।



वास्तव में इसमें ऐसा कहने और देश को ऐसा समझाने वालों की कोई गलती नहीं है, ये बैचारे तो आजाद भारत की पैदाईश है, इन्हें क्या पता कि भारत को आजादी के लिए किन संघर्षों के दौर से गुजरना पड़ा और संघर्ष झेलने वाले कौन थे? इनका दोष सिर्फ इतना है कि इन्होंने यह सब जानने-समझने की भी कौशिश नहीं की। जब आज देश का भविष्य ऐसे लोगों के हाथों में है तो सहज ही कल्पना की जा सकती है कि देश का भविष्य क्या व कैसा होगा?

आज प्रजातंत्र व लोकतंत्र केवल दिखावे की वस्तु रह गई है, पिछले दिनों अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लोकतंत्र को लेकर लम्बी बहस हुई और मौजूदा लोकतंत्र को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो ब्राईडेन से लेकर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी तक ने चिंता व्यक्त की, किंतु क्या किसी ने भी यह जानने की कौशिश की कि 'लोक' या 'प्रजा' और 'तंत्र' में आज सर्वोपरी कौन है और आज का कथित लोकतंत्र किसके भरोसे चल रहा है? अब तो 'लोकतंत्र' व 'प्रजातंत्र' केवल राजनीति में प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गए है और इसीलिए आज की राजनीति का 'लोक' या 'प्रजा' से कोई सम्बंध नहीं रह गया है। आज तो येन-केन- प्रकारेण आकर्षक नारों और वादों के माध्यम से सत्ता को हथियाने या उसे बरकरार रखने की ही भरसक कौशिश की जाती है और इस स्पर्द्धा में जो विजयी रहता है, वह 'जनसेवा' या 'लोकसेवा' से दूर और सत्ता के निकट पहुंच जाता है और इन्हें इस स्थान पर पहुंचाने वाला फिर पांच साल के लिए उपेक्षित होकर अपने भाग्य के भरोसे हो जाता है।

आज की राजनीति की यही त्रासदी है और यह त्रासदी किसी राजनीतिक दल विशेष तक सीमित नहीं रहकर पूरी राजनीति या उससे जुड़े दलों तक विस्तारित है.... और जहां तक संविधान, कानून या नैतिकता का सवाल है, आज की राजनीति का इनसे दूर का भी कोई सम्बंध नहीं रहा, आज 'लोक' या 'प्रजा' अपने दुर्भाग्य पर आँसू बहाने को मजबूर है तो 'तंत्र' राजनीति की कठपुतली बनने को विवश है, आज धर्म, राजनीति, मर्यादा, नैतिकता या संविधान की बात करने वाला 'महान अपराधी' माना जाता है। ऐसा कतई नहीं है कि मेरे द्वारा की गई व्याख्या को कोई समझने वाला नहीं है, देश में अभी भी जागरूकता, नैतिकता व ईमानदारी पूर्ण राष्ट्रभक्ति है, किंतु दुर्भाग्य यह है कि यह देश के अल्प संख्यक (जाति धर्म के नहीं) 'जनवर्ग' के पास है और राजनीति के नगाड़ों के शोर में इनकी आवाज दबकर रह गई है, इसीलिए अब 'लोकतंत्र' व 'प्रजातंत्र' को समझने व मौजूदा परिवेश में समझाने की कौशिशें की जा रही है।

## ..ताकि खान-पान में धोखा न हो

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

दिल्ली उच्च न्यायालय के दो जजों विपिन सांघी और जसमीतसिंह ने खाने-पीने की चीजों के बारे में एक ऐसा फैसला दिया है, जिसका स्वागत सभी धर्मों के लोग करेंगे। उन्होंने कहा है कि खाने-पीने की जितनी चीजें बाजारों में बेची जाती हैं, उनके पूड़ों (पेकेट) पर लिखा होना चाहिए कि उन चीजों को बनाने में कौन-कौनसी शाकाहारी और मांसाहारी चीजों, मसालों या तरल पदार्थों का इस्तेमाल किया गया है ताकि लोग अपने मजहब और रीति-रिवाज का उल्लंघन किए बिना उनका उपभोग कर सकें। अभी तो पता ही नहीं चलता है कि कौनसा नमकीन तेल में तला गया है और कौनसा चर्बी में तला गया है?



# ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की इस तरह करें देखभाल, हमेशा रहेगी नई जैसी



आजकल ऑक्सीडाइज ज्वेलरी काफी ट्रेंड में है। यह ज्वेलरी कई अलग डिजाइन में महिलाओं की खूबसूरती पर चार चांद लगाती है और इसकी कीमत भी कम होती है। शायद इसलिए इसका चलन सोने, चांदी या डायमंड से भी ज्यादा बढ़ गया है। हालांकि ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की चमक को बरकरार रखने के लिए इसकी ठीक से देखभाल करना जरूरी है। आइए ऑक्सीडाइज ज्वेलरी की देखभाल करने का तरीका जानते हैं ताकि ये हमेशा नई जैसी बनी रहे।

**परफ्यूम या ब्यूटी प्रोडक्ट्स से बचाएं:** अगर महिलाएं कभी भी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी पहनती हैं तो उन्हें इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि यह किसी तरह के परफ्यूम या फिर अन्य ब्यूटी प्रोडक्ट्स के संपर्क में न आएं। दरअसल, इन चीजों के संपर्क में आने से ज्वेलरी के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए जब भी महिलाएं ब्यूटी प्रोडक्ट्स और परफ्यूम लगाएं तो इनके अच्छी तरह से सूखने के बाद ही ऑक्सीडाइज ज्वेलरी पहनें।

**ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को ऐसे करें साफः** अगर कभी भी महिलाओं को अपनी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी गंदी लगती है तो इस पर टूथपेस्ट पाउडर लगाएं और फिर किसी साफ मुलायम कपड़े से पोंछकर इसे साफ करें। वहीं अगर ऑक्सीडाइज ज्वेलरी से धब्बे या कालापन हटाना है तो इस पर अच्छे से बेकिंग सोडा छिड़कर आधे घंटे के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। फिर इसे गर्म पानी से धोकर तुरंत ही टिश्यू पेपर से पोंछकर सुखाएं। इसके बाद इसे स्टोर करें।

**नमी से रखें दूरः** ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को कभी भी नमी वाली जगह पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि इस वजह से ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इसलिए जब भी महिलाएं अपनी ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को स्टोर करें तो इसे बिल्कुल भी हवा और नमी के संपर्क में न रखें। बेहतर होगा कि महिलाएं ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को जिप लॉक प्लास्टिक पाउच में रखकर किसी एयर टाइट बॉक्स में रखें। इससे ज्वेलरी के टूटने का खतरा कम होगा और इसकी चमक भी हमेशा नई जैसी बरकरार रहेगी।

**ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को स्टोर करने का सही तरीकाः** ऑक्सीडाइज ज्वेलरी को एयर टाइट बॉक्स में स्टोर करना अच्छा तरीका है। हालांकि जब महिलाएं ज्वेलरी एयर टाइट बॉक्स में स्टोर करने वाली हो तो इससे पहले बॉक्स में किसी सॉफ्ट कपड़े की लेयर या रूई या फिर टिश्यू पेपर लगाएं ताकि ये नमी को पूरी तरह से अपने अंदर सोख ले और ज्वेलरी लंबे समय तक खराब न हो।

ध्यान रखें कि आपको ज्वेलरी इस तरह बॉक्स में



## विस्फोट से बॉलीवुड में वापसी करेंगे फरदीन खान

फरदीन खान को बॉलीवुड में किसी परिचय की जरूरत नहीं है। उन्होंने कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। फरदीन को लंबे समय से बॉलीवुड के पर्दे पर नहीं देखा गया है। उन्हें आखिरी बार 2010 में रिलीज हुई फिल्म दूल्हा मिल गया में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह संजय गुप्ता की फिल्म विस्फोट से बॉलीवुड में अपनी वापसी करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर संजय की अगली फिल्म विस्फोट से बॉलीवुड की फिल्मों में फरदीन वापसी करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि फरदीन ने यह फिल्म साइन कर ली है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में मशहूर अभिनेता रितेश देशमुख भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने वाले हैं। फिल्म का शीर्षक विस्फोट रखा गया है, जिसमें फरदीन टैक्सी ड्राइवर और एक पूर्व ड्रग डीलर की भूमिका में नजर आएंगे।

रितेश फिल्म में एक कमर्शियल एयरलाइन पायलट की भूमिका को अदा करते हुए दिखेंगे। कहा जा रहा है कि यह फिल्म फरदीन के कैरेक्टर के इर्दगिर्द घूमती है, जो गलती से रितेश के बेटे का अपहरण कर लेता है। विस्फोट एक अकेडेमी अवॉर्ड नॉमिनेटेड विदेशी भाषा की फिल्म की हिन्दी रीमेक होगी। संजय पिछले तीन साल से इस फिल्म को बनाने की योजना बना रहे हैं। फिल्म का निर्देशन समित कक्कड़ करेंगे। समित ने इससे पहले हाफ टिकट और एमएक्स प्लेयर के शो इंदौरी इश्क का निर्देशन किया है। अब्बास दलाल और हुसैन दलाल ने विस्फोट का लेखन किया है। निर्माता अगले साल की शुरुआत में फिल्म का प्रोडक्शन शुरू कर सकते हैं। संजय के बैनर व्हाइट फीचर फिल्म्स के साथ एक स्टूडियो के आने के बाद फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना पर काम शुरू होगा। फरदीन के नो एंट्री के सीक्वल में भी दिखने की खबरें सामने आई थीं। दिवंगत अभिनेता फिरोज खान के बेटे फरदीन के करियर की बात करें तो उन्होंने 1998 में फिल्म प्रेम अगन से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 2000 में रिलीज हुई फिल्म जंगल में दिखे थे। यहीं से फरदीन को पहचान मिलनी शुरू हुई थी।

# राशि खन्ना की लगी लॉटरी, सुपरस्टार धनुष के साथ मिली बड़ी फिल्म, जल्द शुरू होगी शूटिंग



पिछले दिनों अपने हॉट फोटोग्राफ्स से इंस्टाग्राम पर तहलका मचा चुकीं एक्ट्रेस राशि खन्ना की अब इंडस्ट्री में एक तरह से लॉटरी लग गई है. वो अजय देवगन के साथ रूद्र की शूटिंग कर रही हैं. जिसके बाद वो साउथ के बड़े सुपरस्टार धनुष के साथ अपनी अगली फिल्म शुरू करने वाली हैं. इस फिल्म का नाम फिलहाल मेकर्स से तय नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है कि धनुष की ये फिल्म मिथिरन जवाहर डायरेक्ट करने वाले हैं जिनका साउथ की फिल्म इंडस्ट्री में बहुत बड़ा नाम है. राशि ने भी साउथ की कई फिल्मों में काम किया है और वो यहां की बड़ी हीरोइन्स में से एक बन चुकी हैं. राशि के पास इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स हैं और वो इन सभी के जरिए अपनी अलग पहचान बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही हैं. अभिनेत्री राशि खन्ना इन दिनों काम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए चेन्नई, मुंबई, और हैदराबाद के चक्कर लगा रही हैं. हालांकि राशि की झोली में इस समय बड़ी फिल्में और डिजिटल प्रोजेक्ट्स हैं. उन्होंने राजेश मापुस्कर की फिल्म रुद्र के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है, इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और अतुल कुलकर्णी नजर आयेंगे. इसके बाद वह धनुष अभिनीत सन पिक्चर्स प्रोडक्शन फिल्म की शूटिंग के लिए चेन्नई जाएंगी. राशि जल्द ही फिल्म तुगलक दरबार, अरनमनई 3 और भ्रमम के प्रमोशन शुरू करेंगी. वो फिलहाल मुंबई में राजेश मापुस्कर के निर्देशन में बन रही फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रही हैं जो ब्रिटिश शो लूथर का भारतीय रूपांतरण है. इसके बाद वे धनुष के साथ अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी. मिथरन जवाहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में म्यूजिक मेस्ट्रो अनिरुद्ध का संगीत है, जिन्होंने धनुष के साथ मिलकर ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं. राशी कहती हैं मैं अपने करियर में आज जहां हूं वहां पहुंचने के लिए मैंने बहुत मेहनत की है।

# अब एमेजॉन प्राइम पर जलवा दिखाएगी अक्षय कुमार की 'बेल बॉटम'

एमेजॉन प्राइम वीडियो ने यह घोषणा की है कि वह अक्षय कुमार स्टारर जासूसी थ्रिलर फिल्म 'बेल बॉटम' के प्रीमियर की विशेष रूप से स्ट्रीमिंग करेगा. भारत और 240 से भी ज्यादा देशों और क्षेत्रों में मौजूद प्राइम सदस्य इस फिल्म को एमेजॉन प्राइम वीडियो पर 16 सितंबर, 2021 से स्ट्रीम कर सकते हैं. रंजीत एम तिवारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा वाणी कपूर, हुमा कुरैशी, लारा दत्ता, आदिल हुसैन और अनिरुद्ध दवे सहित सितारों की एक रोमांचक लाइन-अप मौजूद है.

बेल बॉटम का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख, मोनीषा आडवाणी, मधु भोजवानी एवं निखिल आडवाणी ने अपने-अपने बैनर पूजा इंटरटेनमेंट और एम्मे इंटरटेनमेंट के तहत किया है. एक्शन से भरपूर यह थ्रिलर दम साधने वाला रोमांच ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पेश करने जा रही है. 80 के दशक में घटित प्लेन हाईजैकिंग की असली घटनाओं से प्रेरित यह कहानी 'बेल बॉटम कोड' नेम वाले अज्ञात हीरो के बेमिसाल पराक्रम को दर्शाती है.

अक्षय कुमार 210 बंधकों को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने के गुप्त मिशन पर निकले एक अंडरकवर एजेंट की भूमिका निभाते हुए इस फिल्म में दिखाई दिए थे. यह फिल्म पिछले महीने यानी 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. इस फिल्म को थिएटर्स में दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पांस मिला. लगभग एक महीना बीतने पर इस फिल्म को उन दर्शकों के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया जाएगा, जो इसे सिनेमाघर में देखने के लिए नहीं गए. साथ ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए विशेष रूप से इसे स्ट्रीम किया जाएगा.एमेजॉन प्राइम वीडियो (इंडिया) के डायरेक्टर और हेड (कंटेंट) श्री विजय सुब्रमण्यम ने कहा, हमारे दर्शकों को एक्शन और थ्रिलर कहानियां बहुत पसंद आती हैं. उनके सामने बेल बॉटम को पेश करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है. इस फिल्म को हमारे दर्शकों ने खूब पसंद किया है और हम इसकी कहानी को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं. दिलचस्प स्क्रिप्ट और शानदार अभिनय से सजी यह फिल्म हमारी कंटेंट लाइब्रेरी का नगीना है.




फिल्म के निर्देशक रंजीत एम तिवारी का कहना है, मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि एमेजॉन प्राइम वीडियो के माध्यम से मेरी फिल्म ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंच रही है. यह सूने में बुझ जाने वाले असली नायक की कहानी है, जिसे हरेक व्यक्ति को बताना मैंने उचित समझा. फिल्म में एक दिलचस्प प्लॉट का उपयुक्त मिश्रण मौजूद है. अभिनेताओं ने अपने-अपने किरदारों में अपना सब कुछ झोंक दिया है, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेगा.

### एमेजॉन पर फिल्म रिलीज करने से बेहतर और क्या हो सकता है

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म की स्ट्रीमिंग को लेकर अक्षय कुमार बोले, सिनेमाघर खुल जाने के बाद इस कहानी को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का वक्त आ गया है और इसके लिए एमेजॉन प्राइम वीडियो पर बेल बॉटम को रिलीज करने से बेहतर तरीका क्या हो सकता है. मुझे उम्मीद है कि एमेजॉन प्राइम वीडियो 240 से भी ज्यादा अन्य देशों और क्षेत्रों तक अपनी पहुंच के दम पर एक अनसंग हीरो की इस दास्तान को दूर-दूर के दर्शकों तक पहुंचाएगा।

# विक्रम गोखले के साथ काम करना स्कूल जाने जैसा : रूपाली सूरी



युवा अभिनेत्री रूपाली सूरी ने हाल ही में दिग्गज अभिनेता विक्रम गोखले के साथ एक लघु फिल्म की शूटिंग पूरी की है। अभिनेत्री ने कहा कि शुरू में दबाव था, लेकिन आखिरकार उन्होंने दिग्गज अभिनेता से बहुत कुछ सीखा। रूपाली ने कहा, उनके (गोखले) के साथ काम करना अपने आप में एक दबाव है। जब वह बोलते हैं, तो आप जानते हैं कि वह किस तरह का ध्यान आकर्षित करते हैं, क्योंकि लोग उन्हें सुनते हैं। सबसे ऊपर, विक्रम सर बहुत सीधे-सादे हैं और अक्सर कहते हैं कि वह मुझसे भी बहुत कुछ सीखा है! यह एक स्कूल की तरह था। मैंने अभिनय और फिल्म निर्माण के दिग्गजों के सामने खुद को आत्मसमर्पण कर दिया। लघु फिल्म को पंक्तियों के बीच दर्शकों के लिए एक संदेश के साथ एक मजाकिया बताया गया है। गोखले ने कहा, हर फिल्म, लघु या फीचर, में हमेशा एक संदेश होना चाहिए। संजय रावल द्वारा निर्देशित, लघु फिल्म में सिनेमैटोग्राफर के रूप में भावेश रावल हैं। जैसा कि फिल्म दोस्ती के बारे में है, रूपाली ने कहा, एक छोटे बच्चे से लेकर एक वरिष्ठ नागरिक तक, कोई भी तब तक दोस्त हो सकता है जब तक संबंध है। यह एक जैविक संबंध है। शीर्षकहीन फिल्म वर्तमान में पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है।

# दोबारा गर्म करके चाय क्यों नहीं पीना चाहिए?



हम में से ज्यादार लोग चाय के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हैं. इसका लाजवाब स्वाद हम में से ज्यादातर लोगों को पसंद होता है. चाय एक इंसान को दूसरे से जोड़ने का काम करता है. चाय में कई तरह के प्राकृतत्व होते हैं जिसे पीने का बाद हम तरोताजा महसूस करते हैं. ये हमारी एनर्जी को बढ़ाने का कम करते हैं. अक्सर ऑफिस में काम की थकान को दूर करने के लिए चाय पीते हैं. हालांकिस कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा चाय पीने की आदत होती है.

ऐसे में कई बार हम लोग चाय बनाने में आलस करते हैं जिसकी वजह से एक बार में अधिका मात्रा मे चाय बनाकर रख लेते हैं और उसे समय- समय पर गर्म करके पीते रहते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बार- बार चाय को गर्म करके पीना सेहत को काफी नुकसान पहुंचता है. आइए जानते हैं चाय को बार- बार गर्म करके क्यों नहीं पीना चाहिए.

### स्वाद और स्मेल खराब होता है

बार- बार चाय को गर्म करने से उसका स्वाद और खूशबू उड़ जाती है. ये दोनों चीजें चाय की खासियत होती है. इसके अलावा बार- बार चाय गर्म करने से इसके पौषक तत्व भी कम हो जाते है.

### बैक्टीरियल ग्रोथ बढ़ जाता है

ज्यादा देर बाद बनी हुए चाय को दोबारा पीना सेहत के लिए हानिकारक होता है. क्योंकि चाय में माइक्रोबियल बनने लगते हैं. ये माइल्ड बैक्टीरिया सेहत के लिए हानिकारक होते हैं. ज्यादातर घरों में दूध वाली चाय बनती हैं जिसमें दूध की मात्रा अधिक होती है. इस वजह से माइक्रोबियल खतरा बढ़ जाता है. वहीं, हर्बल चाय को बार- बार गर्म करने से उसके पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं।

### सेहत के लिए हानिकारक

चाय को बार- बार गर्म करके पीना सेहत के लिए खतरनाक होता है. क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं. अगर आप अपनी इस आदत को नहीं बदलते हैं तो लंबे समय बाद पेट खराब होने पेट दर्द. इंफ्लामेशन आदि बीमारियां हो सकती हैं. ये आदत आपके सेहत के लिए नुकसानदायक होता है.

### चाय से जुड़ी ये बातें जान लें

चाय बनने के 15 मिनट बाद उसे गर्म करते हैं तो उससे आपको कोई नुकसान नहीं होता है. लंबे समय बाद चाय को गर्म करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है. हमेशा उतनी ही चाय बनानी चाहिए जितना आप उस समय में खत्म कर लें। ताकि बाद के लिए चाय बचनी ही नहीं चाहिए।

## 'अन्नात्थे' में रजनीकांत का फर्स्ट लुक आउट, सेलिब्रेशन मूड में नजर आ रहे सुपरस्टार

सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब उनकी अगली फिल्म 'अन्नात्थे' में उनका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। मेकर्स ने शुक्रवार यानी 10 सितंबर को रजनीकांत का पहला लुक दिखाया है।



मेकर्स ने फिल्म 'अन्नात्थे' का जो फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। इसमें आप देख सकते हैं कि रजनीकांत क्रीम कलर की वेशती और शर्ट पहने हुए हैं। इसके साथ ही वह चश्मा लगाकर ऊपर की तरफ देखते हुए नजर आ रहे हैं। रजनीकांत का अंदाज देखकर लग रहा है कि वह सेलिब्रेशन मूड में हैं। पोस्टर में एक मंदिर उत्सव बैकग्राउंड दिख रहा है। फैंस उनके लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। मेकर्स ने एक दिन पहले यानी गुरुवार को ही फैंस को बता दिया था कि फिल्म 'अन्नात्थे' में रजनीकांत का फर्स्ट लुक पोस्ट रिलीज किया जाएगा। फिल्म में रजनीकांत के अलावा नयनतारा, प्रकाश राज, कीर्ति सुरेश, सतीश खुशबू, मीना, सूरी और रोबो शंकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म 'अन्नात्थे' में सिरुथाई शिवा और रजनीकांत पहली बार एक साथ काम कर रहे हैं। कास्ट और क्रू ने इस महीन की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली थी। ये फिल्म इस साल दिवाली पर 4 नवंबर को रिलीज होगी।

# सक्षम कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही संगठन को ऊर्जा मिलती है,बूथ केंद्रों को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लें कार्यकर्ता : लाल सिंह आर्य

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

***प्रमुख धार्मिक स्थल रावतपुरा धाम में कार्यसमिति बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने किया संबोधित***

**भिण्ड(रावतपुरा)।** स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जैसे महापुरुषों के त्याग और परिश्रम से मध्यप्रदेश का पार्टी का संगठन देश में आदर्श संगठन के रूप में जाना जाता है। पार्टी के हम सब कार्यकर्ता स्व. कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष में यह संकल्प लें कि हम प्रदेश के संगठन को सबसे मजबूत संगठन बनाने के लिए काम करेंगे। हमारी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं लोगों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। हम ये संकल्प लें कि हम इन योजनाओं को प्रत्येक बूथ के घर-घर तक पहुंचाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं से यह आह्वान भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य भिंड जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल विधानसभा क्षेत्र लहार की रावतपुरा धाम में भिंड जिले की कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए किया।

मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य भिंड जिले के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम संस्था के उद्घाटन में जिला कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सक्षम कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही संगठन को गति एवं ऊर्जा प्रधानमंत्री हैं और हम सरकार के साथ संकल्प लें कि अपने-अपने भूतों को मजबूत बनाकर भाजपा को ताकतवर बनाएं । मोर्चा अध्यक्ष आर्य ने कहा कि आज देश में ऐसे राष्ट्र विरोधी राजनीतिक दल हैं जिन्होंने समाज और देश को जातिवाद में बांट कर देश को तोड़ने का काम किया ऐसे लोगों को हमें जवाब देना चाहिए द्य उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन भाजपा की विचारधारा है इसे मूल मंत्र लेकर आगामी मिशन 2000 के विधानसभा 2024 लोक सभा तथा संगठन और पार्टी के रचनात्मक कार्यक्रमों को लेकर हम आगे बढ़ेंगे निश्चित ही हमारा संगठन मजबूत होगा।

### मंडल को स्वाबलंबी, बूथ को सक्षम और नगर-ग्राम केंद्र को सक्रिय बनाएं

अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि मध्यप्रदेश और देश




में श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जैसे महापुरुषों ने पार्टी को सींचा और खड़ा किया है। इस संगठन को पद्धति देने का काम किया है। पन्ना प्रभारी की शुरूआत मध्यप्रदेश ने की और पूरे देश ने इसको अपनाया। श्री शर्मा ने कहा कि स्व. कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष को हम संकल्प पर्व और संगठन पर्व के रूप में मना रहे हैं। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के लिए समय दान करना है। मंडल स्वाबलंबी, बूथ सक्षम और नगर तथा ग्राम केंद्र सक्रिय बनें, इसके लिए काम करना है। प्रधानमंत्री जी का मन की बात कार्यक्रम प्रदेश के 1480 बूथों पर सामूहिक रूप से सुना जा रहा है। हमें इसे प्रत्येक बूथ तक पहुंचाना है। कार्यकर्ता यह ध्यान रखें कि देश को सुरक्षित रखने के लिए बूथ को मजबूत बनाना जरूरी है।

### बिना भेदभाव के लोगों का जीवन बदल रही भाजपा सरकारों की योजनाए

उन्होंने कहा कि हम गरीबी हटाओ का नारा नहीं लगाते, हमारी केंद्र और प्रदेश सरकारों की योजनाएं लोगों का जीवन बदलने, जीवन स्तर उठाने का काम कर रही हैं। हमारी केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाएं लागू की हैं, तो हमारी प्रदेश सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी जैसी योजना दी है। बेटियों के सशक्तीकरण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का ही नतीजा है कि आज प्रदेश में लिंगानुपात 1000 बेटों पर 956 बेटियों तक पहुंच गया है। आर्य ने कहा कि कांग्रेस एक समाज वर्ग को अपना वोट बैंक मानती है और भाजपा पर यह आरोप लगाया जाता है कि वह इस समाज वर्ग की विरोधी है। लेकिन मैं इस समाज वर्ग के लोगों से यह पूछना चाहता हूं, वो अपने दिल पर हाथ रख कर बताएं कि किसके नेतृत्व में वे सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। वे बताएं कि किस सरकार के कार्यकाल में उनके जीवन में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कोरोना संकट के समय से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दे रही है और इसके लिए किसी की जाति या धर्म नहीं पूछा जाता। आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी वर्ग विशेष को अपना वोट बैंक नहीं मानती, बल्कि हमारी सरकारों की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी को मिल रहा है और इनसे सभी के जीवन में बदलाव आ रहा है।

### जो जनसंघ को कुचलने की बात करते थे आज अपना अस्तित्व खो रहे हैं

भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। हमारे लिए सबसे पहले देश



है। जनसंघ की स्थापना भी बलिदान के आधार पर हुई है। आर्य ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को यह बात ध्यान में रखना चाहिए कि धारा-370 हटाने के लिए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि जनसंघ की स्थापना के समय नेहरू जी ने कहा कि मैं जनसंघ को कुचल कर रख दूंगा। तब डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कहा कि जो विचार जनसंघ को कुचलने की बात करता है, हम उस विचार को ही कुचल देंगे। हमारे कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत से भाजपा देश का सबसे बड़ा दल बन गया है और जो जनसंघ को कुचलने की बात करते थे वह अपना अस्तित्व खो चुके हैं। यह हमारी प्रबल इच्छाशक्ति और हमारे विजनरी नेतृत्व का परिणाम है।

### हम विचार और कार्यकर्ता आधारित दल हैं : चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित दल है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें विचार दिया कि एकात्म मानव दर्शन के आधार पर यह दुनिया आगे बढ़ सकती है। जब अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास होगा जब यह देश आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े दलों ने 55 सालों तक इस देश पर राज किया, लेकिन आज वह अवसान की ओर जा रहे हैं, क्योंकि उनके पास कोई विचार नहीं है। उनके लिए व्यक्ति और परिवार प्रधान हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और हमारी संगठन के प्रति अटूट श्रद्धा है।

### लहार की रावतपुरा धाम से भिंड जिले की पांचों विधानसभाओं में भाजपा परचम फहराने का संकल्प ले कार्यकर्ता : नाथू सिंह गुर्जर

भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने स्वागत भाषण में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही आज संगठन ताकतवर बना हुआ है 7 कोविड-19 काल से लेकर और पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों और जन सेवा भाव से लोग कार्य करते हुए लोगों की सेवा की व्यक्ति नहीं विचार के लिए पार्टी कार्यकर्ता काम करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय विकास जन कल्याण योजनाओं के साथ भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में खड़ा किया है द्य भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा की लहर के रावतपुरा धाम से तीन दिवसीय प्रशिक्षण आवास वर्ग का प्रारंभ हो रहा है कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही पार्टी मजबूती की ओर आगे बढ़ रही यहां से संकल्प लेंगे कार्यकर्ता की आगामी मिशन को मूल मंत्र मानकर हम जिले की पांचों विधानसभा में भाजपा का परचम लहराएंगे इसके लिए हमें अपने-अपने बूथों पर अभी से ही कार्य कर देना प्रारंभ चाहिए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य एवं मंचासीन अतिथियों ने भारत माता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक संगठन के वटवृक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया संचालन जिला महामंत्री सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने किया । इस अवसर पर प्रशिक्षण वर्ग के प्रदेश प्रभारी विजय दुबे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ,पूर्व विधायकों में शिव शंकर समाधिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा पूर्व विधायक रसाल सिंह,पूर्व विधायक मथुरा प्रसाद, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया मंचासीन थे ।

### भारतीय सेना के प्रमुख बिपिन रावत एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित*

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक से पूर्व भारतीय सेना की प्रमुख बिपिन रावत एवं सीडीएस अधिकारी सहित चयन अधिकारियों तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं के निधन पर सभी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की द्य

### जिला कार्यसमिति की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें प्रथम प्रथम प्रस्ताव राजनीतिक प्रस्ताव का वचन विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राममिलन शर्मा एडवोकेट द्वितीय प्रस्ताव कोविड-19 का भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिव कुमार राजोरिया तीसरे प्रस्ताव अनुसूचित जनजाति का पूर्व प्रदेश सह संयोजक राम प्रकाश माझी वाचन किया।

## वन-टू-वन

### आपकी सरकार आपके व्दार




**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव** = आपकी सरकार आपके व्दार कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत मेहगांव व्दारा स्टाल लगाकर सरकार की महती योजनाओं से अवगत कराते हुऐ , हितग्राहियों को लाभान्वित करने एंव शासकीय योजनाओं से मिलने बाली मूलभूत सुबिधाओं से अवगत कराने का विभिन्न योजनाओं के तहत नवीन फार्म जमा किये गये, शासन के निर्देशानुसार आज दिनाांक 25/12/2021 को शांति नगर वार्ड क्रमांक 1 मेहगांव मे आपकी सरकार आपके व्दार कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त हुऐ जिसमे पीएम स्वरोजगार के 15/ प्रशिक्षण मेडीकल डे 1/ म्रत्यु पंजीयक अप्रश्यता फार्म 2/ प्राप्त हुऐ। नगर पंचायत सी एम ओ योगेंद्र सिंह तोमर एवं नगरपरिषद के कर्मचारी सुबह 10 बजे से 4 बजे तक उपस्थित रहे।

### बजाज फाइनेंस का कर्मचारी बन युवक को लगाया चूना

संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़

**आगरा।** आपको बता दें कि पूरा मामला तहसील खेरागढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत डांडा घुसियाना का है। जिसमे एक युवक को लोन का झांसा देकर हजारों रुपये का चूना लगा दिया, बजाज फाइनेंस का कर्मचारी बन युवक से हजारों रुपये ठग लिए, ठगने वाले का यही फोटो है जब युवक कुलदीप से ऋ9 भारत के पत्रकार संजय तोमर ने हकीकत को जाना तो सोच में पड़ गए क्या 21वी सदी में भी लोग वेबकूफ बन जाते है, जमाना कहाँ से कहाँ पहुंच गया लेकिन शिक्षा के अभाव में लोग आज भी ठगों के शिकार



बन जाते हैं, चलिए आपको पूरी खबर से रूबरू कराते हैं , युवक के अनुसार रोहित लोधी नामक फर्जी व्यक्ति बजाज फाइनेंस में अपने आपको सेल्स ऑफिसर बताया और मुझे 2 लाख रुपये का लोन देने को कहा, लोन देने के एवज में मुझसे 7400 रुपये खातें में जमा करा लिए, उसके बाद और पैसों की डिमांड करने लगा तो 2500 रुपये फिर डाल दिये, फिर कुछ दिन बाद लोन प्रक्रिया में अतिरिक्त चार्ज बता पैसों की डिमांड करदी लेकिन लोन नही किया, तो मुझे समझ आ गया कि यह फ़्रॉड है मुझसे ठगी कर रहा है।



### बिजली कर्मियों को कनेक्शन काटते समय करना पड़ता है। गाली गलौज और अभद्रता पूर्ण व्यवहार का सामना

**अंबाह।** भीमसेन सिंह तोमर। शासन द्वारा चलाया जा रहा, विधुत विभाग द्वारा बिल भुगतान के लिए विशेष अभियान के तहत बकाया भुगतान करने के लिए बिजली कंपनियों के द्वारा सख्ती के साथ, कार्यवाही करने के लिए कहा गया है लेकिन शासन के आदेश को जमीनी स्तर पर लाने के लिए लोगों के बीच गाली गलौज और अभद्रता पूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ता है और उन्हें कहीं न कहीं अपने लिए असुरक्षित महसूस किया जाता है। जानकारी के अनुसार थरा फीडर की टीम वनवरिया ,परीक्षत पुरा पर सुबह जे ई साहब विक्रांत घुवे के सानिध्य में बकाया दारो को भुगतान करने निर्देश देने के लिए गए तो वहां पर संबंधित , कुंआ कनेक्शन धारक सीधे गाली गलौज करने लगा, तब वहां मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया।

## गीता जयन्ती पर मैत्री फाउन्डैसन व बसुदेव कुटम्ब योग द्वारा श्रद्धालुओं ने किया सुंदरकांड का सामूहिक पाठ...

**राधा तोमर पत्रकार अम्बाह...??**

**अम्बाह...** अम्बाह शहर में माहौर ग्वार्वे बैश्य धर्मशाला स्थित में आयोजित सुन्दरकांड पूजनोत्सव कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ गीता जयन्ती के महोत्सव में महिलाओं द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मैत्री फाउन्डेसन व योग प्रशिक्षण के द्वारा पूरे परिसर को फूलों रंगीन रौशनी से सजाया गया था। गर्भ गृह में सुन्दर काण्ड का भव्य श्रृंगार किया गया था। सुन्दरकाण्ड पाठ की शुरूआत व अगुवाई प्रख्यात भजन गायक शरेश कुशवाह व त्यागी ने व साथी वाद्य यंत्र संभाल रहे थे। सुन्दरकाण्ड में 61 महिलाओं ने गुणगान कर पाठ किया। इसके पूर्व देबेन्द्र लोहिया व दिनेश गुप्ता व अबनीश राधे ने रामायण व हनुमानजी की पूजा अर्चना की कार्यक्रम के उदबोदन की जिम्मैदारी हरेन्द्र शर्मा पत्रकार को सोपी गई वहीं बाद में गीता जयन्ती के उपलछ्य मे मंचासीन कॉलेज के रामअबतार चौहान व कमल भारद्वाज व रामबीर उपाध्याय व शशिबल्लब शर्मा व योगार्चाय नीलेश शर्मा व सुरेश गुप्ता श्रीराम मेडीकल व रामकुमार गुप्ता मण्डल अध्यक्ष पोरसा ने गीता पाठ पर अपने अपने बिचारो



सभागारो अबगत कराया %मंगल भवन अमंगलहारी, द्रवहु सुदशरथ अजर बिहारी,% आदि श्लोकों के मधुर संगीतमय स्वर के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ किया। पाठ में भक्ति की रस धारा बहती रही और पूरे परिसर का भक्तिमय माहौल बना रहा। सुन्दरकाण्ड पूर्ण होने पर श्री रामायण व हनुमानजी की महाआरती की गयी। महोत्सव को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी केशब पंडित जी अम्बाह, पंकज जैन, व मैत्री फाउन्डेसन टीम दिनेश गुप्ता अबनीश गुप्ता मन्टू मुकेश गुप्ता रबि गुप्ता संदीप श्यामू दिलीप बिकाश शिबम संतोष गुप्ता योगाचार्य दैबेन्द्र लोहिया व समाज सेबिका किशोरी गुप्ता बरिष्ठ भाजपा नैत्री व तृप्ती गुप्ता अल्का गुप्ता ज्योति गुप्ता शिल्पा गुप्ता कृष्णा स्वाती सोना आदि का योगदान रहा। पाठ के समापन के बाद भक्तों के बीच प्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## बिना दस्तावेजो के चल रही थी,मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी की स्कूल बस, पुलिस ने पकड़ी

### दर्जनों बच्चो की जान से रोजाना हो रहा था खिलवाड़

**दबोह।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकार की ओर से भले ही कई दावे किए जा रहे हों लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अभी भी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रुकी नहीं है।आलम ये है कि निजी स्कूल बसें दबोह में नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं।निर्धारित नियमों की अवहेलना की जाती है।भिंड पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में थाना दबोह निरीक्षक प्रमोद साहू के द्वारा चलाये जा रहे वाहन चैकिंग अभियान में समथर तिराहा के पास चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था।जिस दौरान 14 दिसम्बर 2021 को समथर तिराहे पर एक पीले रंग की स्कूल बस बीच रोड पर खड़ी दिखी।जिसमे से स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे बिना संरक्षण के रोड से ईधर उधर हो रहे थे।जिनकी देखरेख के लिये कोई भी स्कूल का व बस का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था।बस चालू अवस्था में खड़ी थी बस के आगे पीछे,बस के दरबाजे पर कोई भी



संकेतक नहीं था।बस चालक से बस के संबंध मे कागजात पेश करने के लिये बोला गया तो उसके द्वारा मौके पर कोई दस्ताबेज नहीं होकर मालिक पीयूष बिरथरिया पर होना बताया एवं बताया कि बस से प्रत्येक दिन जाखौली धौरका से लगभग 30-35 बच्चो को पीयूष बिरथरिया के मार्डन गुरुकुल स्कूल कोंच रोड दबोह पर लाना ले जाना करता हूँ तथा बताया कि उक्त बस का फिटनेस परमिट,प्रदूषण कार्ड,वाहन बीमा नहीं है।जो मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 5/192,66/192 (ए),115/190 (2) के अंतर्गत अपराध पाया गया बाद मौके पर ड्राईबर/कन्डेक्टर की उपस्थिती मे बस का निरीक्षण किया गया जो उक्त बस मे ध्वनि प्रदूषण, खतरनाक हालात में खड़ा करना, चालाक द्वारा मौके पर लाईसेस पेश ना करना चालक द्वारा मौके पर कागजात पेश ना करना ड्राईबर बिना बर्दी का पाया जाना,कन्डेक्टर बिना वर्दी बिना बिल्ला का पाया जाना वाहन में साईड क्लास का ना होना, वाहन पर नम्बर प्लेट ना होना,वाहन पर रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित ना होना, साईलेंसर का ना होना पाया गया जो मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 120/190 (2) 122/177, 130/177(1), 130/177(3), 9/177, 36/177, 37/177, 191/177 50( ) 1177, 771177, 121/177 के तहत दण्डनीय है।बाद बस में बैठे उक्त बच्चों को उनके घरो पर धौरका,जाखौली में सुरक्षार्थ छुडवाया गया बाद जाखौली में उपस्थित गवाहो के समक्ष जुर्माना ना भरने व धारा 66/192 (2) मे न्यायालय निराकरण होने से मुताबिक जती पत्रक के एक 407 पीले रंग की बस जिस पर रजिस्ट्रेशन नम्बर नहीं है।एवं जिसका चैचिस नम्बर क्र ह010त्तत्त्625084 व ईंजन नम्बर 66332080 समक्ष गवाहों के विधिवत जस की गई उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी प्रमोद साहू के द्वारा की गई।

### इनका कहना

1-जानकारी मिली है,जांच कर जल्द छापामार कार्यवाही की जाएगी।

**अनुराग शुक्ला**
**जिला परिवहन अधिकारी भिंड**

2-ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को अवगत करा कर जांच कर नोटिस भेजते हैं।अनिमितताएं पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

**हरभुवन सिंह तोमर**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

3-जांच कर स्कूल संचालक के खिलाफ नोटिश करते हैं,साथ ही जल्द स्कूलो में इस्तेमाल की जा रही बस व गाड़ियों की जांच की जाएगी।

**शैलेन्द्र कुशवाह**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लहार**

4-चैकिंग के दौरान स्कूल बस को पकड़ा है।कागज न होने पर जप्त कर कार्यवाही की गई।

**प्रमोद साहू**
**थाना प्रभारी दबोह**

# एसपी-कलेक्टर ने किया अंतर्राज्यीय नाके का निरीक्षण

**रौन एवं मिहोना में जनपद सदस्य, पंच, सरपंच के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु बनाए गए कलस्टर का लिया जायजा**

**भिण्ड( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने भ्रमण कर त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए असनेहट में स्थापित अंतर्राज्यीय नाके का निरीक्षण तथा पंच, सरपंच के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु बनाए गए कलस्टर एवं अन्य तैयारियों का लिया जायजा लिया। इस इस दौरान एसडीएम लहार आरए प्रजापति के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत असनेहट में स्थापित





मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश अंतर राज्य नाके का अवलोकन कर उपस्थित अधिकारियों को निर्वाचन को देखते हुए अंतर्राज्यीय नाके का संचालन ठीक से करने निर्देश दिए। इसीप्रकार रौन एवं मिहोना में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जनपद सदस्य, पंच, सरपंच के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु बनाए गए कलस्टर का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों से नामांकन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उन्हें विभिन्न निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय रौन में ईव्हीएम व मतपत्र पेटी के स्ट्रॉग रूम, मतगणना सामग्री वितरण स्थल, पंचायत वार प्रस्तावित मतगणना कक्ष, ऑब्जर्वर कक्ष, मीडिया कक्ष, शौचालय, पेयजल, वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा के लिए कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना कक्षों में प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं व मतगणाना कर्मियों के लिए प्रस्तावित पृथक-पृथक प्रवेश व्यवस्था का अवलोकन भी किया। साथ ही उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को विभिन्न निर्देश दिए।

## वन-टू-वन

### भारतीय जनता पार्टी मण्डल मौं द्वारा साधु संतो का किया सम्मान।



**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर, ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**मौं ।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल मौं द्वारा सेवादास महादेव मंदिर सब्जी मंण्डी के पास दिव्य काशी भव्य काशी नव्य काशी में भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को लाईव टी बी पर सुना अंत में साधु संत श्री 108 सेवादास महाराज जी को शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया जिसमें मुख्य रूप से मनोज शास्त्री ,मर्जाद सिंह यादव फरेन्द सिकरबार गोपाल सिंह कुशवाह मण्डल अध्यक्ष,रामख्तयार गुर्जर नन्दू सोनी कोक सिंह कुशबाह राजेश कुशबाह सुल्तान मौर्य राजू मिश्रा कोमल यादव सोमबीर सिबहरे रामू कुशबाह अजय झां रामकेश गुर्जर हासिम राईन नरेन्द्र कुशबाह रामनरेश कुशबाह डां बेताल गोड डां सुनील गोयल राजेश कुशबाह राजेन्द गोड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आन्ध्रप्रदेश पौन ब्रोकेर्स एसोसिएशन वि.कोटा के अध्यक्ष लाबुराम सीरवी ने मंदीर निर्माण के लिए दिये एक लाख रूपये सुपुर्द किए

**पुष्पाजंली टुडे**

**आन्ध्रप्रदेश**-पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन वि. कोटा के अध्यक्ष लाबुराम सीरवी ने पेरीयपालीयम मे श्री लिलडीया भेरुजी वह श्री आईमाताजी के आश्रम कि भूमि खरीदने के लिए एक लाख रुपये आन्धप्रेदश पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन वि कोटा कि तरफ सु आज साम पेरीयपालीयम मे स्वामी तेजानन्द को सुपुर्द किया इस महान योगदान के लिए आन्ध्रप्रेदश पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन वि कोटा के सभी पदाधिकारियों वह सदस्यों का आभार वह हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभमगंल कामनाएं की।

# गृह मंत्री जी को तलवार भेठ करके स्वागत किया





**ग्वालियर-** भोपाल में केसरिया जागृत मंच का प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है जिसमे मुख्य अतिथि माननीय नरोत्तम मिश्रा जी गृह मंत्री मध्य प्रदेश उपस्थित रहे और ग्वालियर की टीम भाजपा समर्थक मंच की उसमें आशीष तोमर प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा समर्थक मंच और महिला मोर्चा संगठन मंत्री किरण सिंह और ग्वालियर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह और ग्वालियर जिला उपाध्यक्ष वासुदेव शर्मा एवं प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा तृप्ति भटनागर उपस्थित रही साथ ही माननीय गृह मंत्री जी को तलवार भेठ करके स्वागत भी किया गया।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष सुभा चौहान का जन्म दिवस सेवड़ा सनकुआ धाम पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में हवन पूजन कर मनाया गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष बहन सुभा चौहान जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में सेवड़ा सनकुआ धाम पर हवन पूजन फल वितरण कर धूमधाम के साथ मनाया गया आपको बता दें कि इस जन्म दिवस के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने साधु-संतों को कंबल आदि वितरित किए एवं फल वितरण कर हवन पूजन कर साधु संतों का आशीर्वाद लिया इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि जन्मदिवस जैसे उपलक्ष्य में साल में एक बार ही मिल पाते हैं इन अफसरों पर अपने से बड़े बुजुर्गों साधु संतों का आशीर्वाद लेते रहना चाहिए।

## कृषि कानूनों की वापसी पर किसानों के विजय जुलूस का राजश्री रोड पर कुलदीप रावत के नेतृत्व मैं किया स्वागत



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी---** पिछले दिनों प्रधानमंत्री जी द्वारा तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने पर जिले के किसानों ने शहर के मुख्य मार्गों से होकर विजय जुलूस निकाला जिसमें हजारों किसानों ने अपनी सहभागिता की पिछले 1 वर्ष से तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के बॉर्डर पर किसान आंदोलन कर रहे थे जिसमें शिवपुरी के भी हजारों किसानों ने परिवार के साथ अपनी सहभागिता दे रहे थे कृषि कानून वापसी पर खुशी का इजहार करते हुए गुरुद्वारा चौराहे से शहर के मुख्य मार्गों पर होकर विजय जुलूस निकाला गया जिसका जगह जगह और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया राजश्री रोड पर कुलदीप रावत सौरव सिंह रावत ने सैकड़ों साथियों के साथ रैली पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया किसानों द्वारा सभी स्वागत करने बालो का अभिवादन किया गया कुलदीप रावत द्वारा बताया गया कि आंदोलन ने देश को एक ऐसी दिशा दी है की गांधीवादी तरीके से आंदोलन पर किसी भी सरकार को झुकाया जा सकता है आज किसानों की जीत हुई है काले कानून वापस हुए हैं अब हुक्मरानों को समझ जाना चाहिए देश के अवाम के खिलाफ काम करोगे आपको देश की जनता गांधीवादी तरीके से विरोध प्रकट करके जनता के खिलाफ जो भी कानून बनाएंगे उनका विरोध किया जाएगा आने वाले समय में देश के युवा भी रोजगार के लिए आंदोलन करेंगे पिछले 3 साल से रेलवे में कोई भर्ती नहीं हुई है आज देश का युवा रोजगार की तलाश में दर-दर की ठोकर खा रहा है एक तरफ हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में कहा दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देंगे वह एक झूठा वादा निकला हम सभी युवा अपने भविष्य के लिए सरकार की उस नीति का विरोध करेंगे जो युवाओं के खिलाफ हो

# करोड़ों रुपए मिट्टी में मिल गए,फिर वही गलती दोहराने की तैयारी

**ग्वालियर( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

हाल में ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी के कार्यों में हो रही लापरवाही को लेकर नाराजगी जाहिर की थी. इसके बावजूद स्मार्ट सिटी के अधिकारी अभी भी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं. ग्वालियर में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है. आज से ठीक तीन साल पहले ग्वालियर वासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत पब्लिक बाइक शेयरिंग स्कीम शुरु हुई थी. इस स्कीम के तहत करोड़ों रुपए की 500 स्मार्ट साइकिल खरीदी गई थी. लेकिन अब वो कबाड़ हो गई हैं।

**मिट्टी में मिल गए 200 करोड़ रुपए!:** प्रशासन ने निजी कंपनी याना के साथ मिलकर शहर के लोगों को स्वस्थ बनाने और प्रदूषण को कम करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करके पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना शुरु की थी. शुरु में शहर के लोग इस योजना से जुड़ने लगे थे. योजना के तहत शहर में 500 स्मार्ट साइकिल लाई गई. स्मार्ट साइकिलों के लिए शहर में 50 स्टेशन बनाये गए थे. लोगों को स्मार्ट साइकिल इस्तेमाल करने के लिए मोटिवेट भी किया गया. इस स्कीम में 200 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हुए थे. तीन साल में ही ये योजना औंधेमुंह गिर गई है।



**95 फ़ीसदी साइकिलें कबाड़ हो चुकी हैं:** जब इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी, उसके ठीक 6 महीने बाद देश में कोरोना संक्रमण के कारण लॉक डाउन लग गया था. शहर वासी घरों में कैद हो गए थे. सब कुछ बंद होने के कारण साइकिलिंग के प्रति लोगों का रुझान भी कम हो गया. लेकिन इस लॉकडाउन को हटे लगभग 1 साल से ज्यादा का समय हो गया है. यह स्मार्ट साइकिल अभी भी धूल खा रही हैं. शहर के 50 स्टेशनों पर रखी स्मार्ट साइकिल पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं. 95 फ़ीसदी स्मार्ट साइकिल में जंग लग चुका है. अब यह सड़क पर चलने लायक नहीं बची हैं. स्मार्ट सिटी ग्वालियर ने लगभग 200 करोड़ रुपए से ज्यादा पानी में बहा दिए।

**स्मार्ट सिटी का दावा, फिर से शुरू कर रहा है प्रोजेक्ट:** पिछले 3 साल से 500 स्मार्ट साइकिल सड़कों पर धूल खा रही हैं. स्मार्ट सिटी सीईओ जयति सिंह का कहना है कि कोरोना संक्रमण के कारण यह प्रोजेक्ट पूरी तरह बंद हो गया था. जो लोग सुबह शाम अपने दफ्तरों के लिए साइकिल का उपयोग करते थे, वह दफ्तर ही पूरी तरह बंद हो गए. स्मार्ट सिटी प्रशासन फिर से इस प्रोजेक्ट को पटरी पर लाने की तैयारी कर रहा है. अब स्मार्ट सिटी के सामने एक बड़ी चुनौती यह है कि 95 फ़ीसदी साइकिल कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं.अब फिर से स्मार्ट साइकिल खरीदनी होगी, जिसमें फिर से करोड़ों रुपए खर्च होंगे।

## अधिकारी की मारपीट करने बालों की गिरफ्तारी की मांग अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे विद्युत कर्मी



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** - कुछ दिनों पहले आयोजित हुई लोक अदालत में बिजली विभाग के काउंटर पर बैठे विद्युत मंडल के असिस्टेंट इंजीनियर एवं कर्मचारियों की कुछ वकीलों एवं लोक अदालत में आए हुए हितग्राहियों से बहस हो गई थी जिसके बाद वकील वहां से चले गए लेकिन इसी बीच बिजली विभाग के ए ई रणजीत सिंह भदोरिया से परेशान लोगों ने उनकी पिटाई कर दी मामले को लेकर ए ई भदोरिया ने वकीलों पर केस दर्ज करवा दिया। इसी विरोध के चलते दो वकीलों पर कार्रवाई की गई और वही अभी तीन अन्य वकीलों पर मुकदमा दर्ज नही हुआ है। वहीं अभी भी सभी कर्मचारियों की मांग है कि अन्य तीन और बकीलो के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए एवं उनको गिरफ्तार किया जाए अन्यथा विद्युत विभाग के सभी कर्मचारी काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे जैसे शहर एवं ग्रामीण अंचल में विद्युत आपूर्ति के जिम्मेदार पुलिस के अधिकारी होंगे मांग नहीं मानी गई तो समृद्धि सिले के अधिकारी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे

## कृषि बिलो की वापसी की खुशी मैं किसानों ने शहर मैं निकाली रैली

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी---** पिछले दिनों प्रधानमंत्री जी द्वारा तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने पर जिले के किसानों ने शहर के मुख्य मार्गों से होकर विजय जुलूस निकाला पिछले 1 वर्ष से तीन कृषि कानूनों के खिलाफ



दिल्ली के बॉर्डर पर किसान आंदोलन कर रहे थे जिसमें शिवपुरी के भी हजारों किसानों ने परिवार के साथ अपनी सहभागिता दे रहे थे कृषि कानून वापसी पर खुशी का इजहार करते हुए गुरुद्वारा चौराहे से शहर के मुख्य मार्गों पर होकर विजय जुलूस निकाला गया जिसका जगह जगह और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया राजश्री रोड पर कुलदीप रावत सौरव सिंह रावत ने सैकड़ों साथियों के साथ रैली पर पुष्प वर्षा कर उसी व्यक्त की इस रैली को आम आदमी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित सिंह सेवड़ा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भी जगह-जगह स्वागत एवं फूल बरसा कर किसानों का हौसला बढ़ाया गया इस दौरान सुभाष चंद्र बोस की आजद हिन्द फ़ौज के वीर सेनानी कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन के पुत्र सर्वजीत ढिल्लन ने कहा कि किसान आंदोलन ने देश को एक नई दिशा दी है।

## सांसद चौधरी ने वियतमान के उच्च स्तरीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का किया स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे नई दिल्ली**/जोधपुर पाली सांसद और विदेश मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने वियतमान नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वुओंग दिन्हू ह्यू के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की एयरफोर्स हवाई अड्डा, पालम, नई दिल्ली पर आगवानी की। सांसद ने पूरे प्रतिनिधिमंडल का माला पहनाकर भारतीय परम्परा के अनुसार स्वागत किया। इस दौरान संसदीय समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहें। यह प्रतिनिधिमंडल 15 से 19 दिसंबर तक भारत दौरे पर है। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती करने के दिशा में दोनों देशों के उच्च स्तरीय अधिकारियों के मध्य कई महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित होगी।



# जी.वाय.एम.सी. मैदान पर भागवत कथा का प्रारंभ





ग्वालियर। जी.वाय.एम.सी. मैदान में दिनांक 15.12.2021 से 22.12.2021 तक आयोजित होने वाली श्री मद्वभागवत कथा के संबंध में आज कल्श यात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर गुरूद्वारे के पीछे फूल्बाग से 3 बजे निकाली गई जो नदीगेट, इन्दरगंज, सनातन धर्म मंदिर से होते हुये कथा स्थल पर पहुंची। जिसमे सेंकडों की संख्या में युवतिया सिर पर कल्श रखे हुए श्री गणेश, भगवान शंकर, श्री रामचंद्र जी, श्री कृष्ण भगवान की झांकियों के साथ भक्तगण ढोल-धमाकों के साथ नाचते हुये कथा स्थल जी.वाय.एम.सी प्रांगण पहुंचे। इस अवसर पर जगह-जगह कल्श यात्रा का स्वागत किया गया। श्रीमद भागवत कथा के प्रारंभ/पूजन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने माल्यापर्ण कर महाराज सुनील आनंद जी का स्वागत किया। कथा में भागवत का महत्व समझाते हुए श्री सुनील आनंद महाराज ने कहा भागीरथ गंगा को धरती पर लाए थे और गंगा में डुबकी लगाने से जिस प्रकार सभी पापों से मुक्ति मिल्ती है उसी प्रकार भागवत कथा जो स्वयं भगवान ने अपने मुंह से कही है इसका श्रवण करने से लोग मोक्ष को प्राप्त करते हैं।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे मुख्य रूप से कथा में सुसेंद्र सिंह परिहार, अवधेश कौरव, श्री राम पांडे, महेंद्र शुक्ला, दिनेश पाराशर, विजय काटजू, प्रमोद जैन, सुनीलम चतुर्वेदी, डॉक्टर चतुर्वेदी, सुनील सोनी, शैलेंद्र जबरिया, अतुल प्रधान, नंदिनी शर्मा, गार्गी चौरसिया, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे ।

# कोविड के प्रथम व द्वितीय डोज से कोई भी शासकीय कर्मचारी वंचित नहीं रहना चाहिए

## संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने संभागीय बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश



ग्वालियर। कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर को रोकने के लिये सभी का टीकाकरण आवश्यक है। टीकाकरण महाअभियान भी प्रदेश में निरंतर चलाए जा रहे हैं। सभी संभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय के समस्त स्टाफ का टीकाकरण हो, इसके साथ ही स्टाफ के लोग अपने परिजनों का भी टीकाकरण अवश्य कराएँ। कार्यालयो में आने वाले लोगों को भी टीकाकरण के लिये प्रेरित किया जाए। किसी भी कार्यालय में अगर कोई कर्मचारी टीकाकरण से वंचित पाया गया तो संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी । संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बुधवार को मोतीमहल के मानसभागार में ग्वालियर-चंबल संभाग के संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बैठक में सभी विभागों के संभागीय अधिकारी सहित संभागीय उपायुक्त एवं संयुक्त आयुक्त उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अंकुर अभियान के तहत ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में वृक्षारोपण का अभियान निरंतर चलता रहे। जिलों में किए जा रहे वृक्षारोपण की जानकारी भी संभागीय आयुक्त कार्यालय को भेजी जाए। अभियान के तहत जिन विभागों को वृक्षारोपण के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उसकी पूर्ति कर फोटो सहित जानकारी वॉट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने बैठक में कहा है कि विद्युत बचत के लिए सोलर ऊर्जा का उपयोग अधिक से अधिक किया जाए। शासकीय कार्यालयों में सोलर ऊर्जा के प्रस्ताव तैयार कर कार्य कराया जाए। बैठक में अंतरविभागीय समन्वय के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी विभाग को कोई समस्या हो तो बैठक में अवश्य बताएं। अनावश्यक रूप से छोटे-छोटे कामों के लिये पत्र व्यवहार न कर अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में चर्चा कर कार्यों में गति लाएं।

## तानसेन समारोह में इस बार जुड़ेंगे नए आयाम

### महाराज बाड़ा से निकलेगी भव्य कला यात्रा, संभाग के 8 जिलों के लोक कलाकार होंगे शामिल

### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने तैयारियों को लेकर ली बैठक

ग्वालियर। तानसेन समारोह में इस बार नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। समारोह की पूर्व संध्या यानि 25 दिसम्बर को किलागेट के साथ-साथ महाराज बाड़ा से भी भव्य कला यात्रा निकलेगी। कला यात्रा में ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के लोक कलाकार और कला रसिक शामिल होंगे। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने सुव्यवस्थित ढंग से कला यात्रा आयोजित करने और तानसेन समारोह की अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि कला यात्रा आकर्षक हो, जिससे शहरवासियों के साथ-साथ संभागभर में तानसेन समारोह के प्रति आकर्षण बड़े। यहाँ मानसभागार मोतीमहल में आयोजित हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों से विशेष वाहनों द्वारा कला जत्थे आयेंगे और फूलबाग पर इनका एकत्रीकरण होगा। इसके बाद सभी कला जत्थे महाराज बाड़ा पहुँचेंगे। महाराज बाड़ा से लेकर ÷गमक÷ आयोजन स्थल यानि इंटक मैदान हजीरा तक आधा दर्जन स्थानों पर कला जत्था जिलेवार 10 ङ्क 10 मिनट की प्रस्तुतियां देंगे। पहली प्रस्तुति महाराज बाड़ा पर, इसके बाद गश्त का ताजिया, जयेन्द्रगंज, लक्ष्मीबाई समाधि, लोको और तानसेन नगर तिराहे पर कला जत्था में शामिल लोक कलाकार अपने-अपने अंचल की लोकधारा बहायेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वर्ण रेखा पर फोर लेन एलीवेटेड सड़क सहित ग्वालियर को मिलीं बड़ी-बड़ी सौगातें

### एलीवेटेड रोड़ सहित जिले की चार महत्वपूर्ण सड़कों के लिए 514.68 करोड़ मंजूर

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया की पहल पर मिली हैं यह सौगातें

### केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री गड़करी के प्रति श्री सिंधिया ने जताया आभार

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में स्वर्ण रेखा पर बहुप्रतीक्षित एलीवेटेड रोड़ सहित जिले को विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी सौगातें मिली हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी ने लगभग 514 करोड़ 68 लाख रूपए लागत की जिले की चार सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जिले की इन सड़कों को सीआरएफ (केन्द्रीय सड़क निधि योजना) में शामिल कर लिया गया है। नागर विमानन मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर जिले की इन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूर करने के लिये केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी के प्रति ह्दय की गहराईयों के साथ धन्यवाद व्यक्त किया है। साथ ही केन्द्रीय सड़क निधि योजना के तहत जिले की इन सड़कों सहित मध्यप्रदेश को कुल 1814 करोड़ रूपए लागत से 23 सड़कों की मंजूरी देने के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी के प्रति आभार जताया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ग्वालियर शहर में स्वर्ण रेखा नदी पर ट्रिपल आईटीएम से महारानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल तक लगभग साड़े 6 किलोमीटर लम्बाई में फोर लेन एलीवेटेड सड़क निर्माण के लिये 406 करोड़ रूपए से अधिक राशि मंजूर की गई है। ग्वालियर शहर में स्वर्णरेखा पर एलीवेटेड सड़क और अंचल की महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिये केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष रूप से प्रयासरत थे। इस संबंध में उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी को इन सड़कों का महत्व रेखांकित करते हुए समय-समय पर पत्र लिखे। साथ ही उनसे संपर्क भी करते रहे। इसके फलस्वरूप ग्वालियर जिले को 514 करोड़ रूपए से अधिक लागत की इन सड़कों की मंजूरी मिल गई है।

## शासकीय राशि का दुरूपयोग करने के आरोप में पूर्व सरपंच के विरूद्ध कार्रवाई

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किया गया वारंट

ग्वालियर। शासकीय धनराशि का आहरण कर निर्माण कार्य पूर्ण न कराने के आरोप में पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बारौल श्रीमती जशोदा पत्नी श्री रामसेवक को जेल भेजने के आदेश विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर श्री आशीष तिवारी ने धारा-92 के तहत जारी किए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ने पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बारौल श्रीमती जशोदा पत्नी श्री रामसेवक द्वारा पंचपरमेश्वर योजनांतर्गत ई-पंचायत कक्ष निर्माण कार्य की राशि 4 लाख 25 हजार रूपए आहरण कर छत ढलाई कराई गई। किंतु निर्माण कार्य प्राक्कलन अनुसार गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया गया। जिसके कारण पूरा भवन अनुपयोगी हुआ। कार्य पर व्यय हुई राशि 4 लाख 25 हजार में से ड्ट राशि 2 लाख 12 हजार 500 शासन कोष में जमा नहीं कराई गई। इसके साथ ही स्कूल शौचालय संख्या 3 निर्माण कार्य हेतु आहरित राशि 30 हजार से निर्माण कार्य नहीं कराते हुए शासकीय राशि अनाधिकृत रूप से अपने पास रखकर वित्तीय अनियमितता की गई। आहरण राशि का ड्ट हिस्सा राशि 15 हजार शासन कोष में जमा नहीं कराई गई। इस प्रकार कुल शासकीय धनराशि 2 लाख 27 हजार रूपए का प्रभक्षण किया है। पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बारौल के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त राशि चुकाने हेतु युक्तियुक्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई। प्रकरण में अधिनियम की धारा 89 अंतर्गत प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार दोषी साबित होने के कारण विचार उपरांत अंतिम आदेश पारित कर 15 दिवस में रकम शासकीय कोष में जमा करने हेतु आदेशित किया गया। किंतु दोषी सरपंच द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई।










स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478